दैनिक हिन्दी अख़बार


# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 304 जयपुर, शुक्रवार, 13 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका ने 134 रन से रौंदा



**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के 10वें मैच में 134 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन बनाए, इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 40.5 ओवर में 177 रन ही बना सकी। लाबुशेन ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। रनों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप में ये सबसे बड़ी हार है। इससे पहले 1983 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 118 रन से हराया था।

### इंफोसिस को 6,212 करोड़ रुपए का मुनाफा




**बेंगलुरु।** दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 6,212 करोड़ रुपए का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले कंपनी का नेट प्रॉफिट 3 पर्सेंट बढ़ा है। एक साल पहले की समान अवधि में इंफोसिस का प्रॉफिट 6श्021 करोड़ रुपए था। जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही में इंफोसिस का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 7 पर्सेंट बढ़कर 38,994 करोड़ रुपए रहा है। इस मुनाफे के बाद इंफोसिस ने 18 रुपए के अंतरिम डिविडेंड का ऐलान किया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**कांग्रेस का चुनाव प्रचार:** 16 अक्टूबर से पार्टी के तमाम बड़े नेताओं के दौरे... संबोधित करेंगे जन सभाएं

# प्रियंका और राहुल करेंगे सभा... ERCP पर भाजपा को घेरेंगे

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के केंद्रीय नेताओं के लगातार प्रदेश के दौरों के बाद अब कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी राजस्थान में विधानसभा चुनावों में प्रचार की कमान संभालेगा।

अब खरगे, प्रियंका और राहुल गांधी सहित कई बड़े नेता सभाएं करेंगे। ये नेता ईआरसीपी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर भाजपा को घेर इससे जुड़े 13 जिलों के वोटर्स को साधेंगे। इसके लिए 16 अक्टूबर को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर यात्रा की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। वे इस दौरान बारां जिले में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

इस यात्रा के समापन पर 20 अक्टूबर को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी दौसा जिले की सिकराय विधानसभा में जनसभा करेंगी। इस पांच दिवसीय यात्रा के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी प्रदेश दौरे पर आ सकते हैं।

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा था कि यात्रा के दौरान खरगे, राहुल गांधी व प्रियंका सहित कई केंद्रीय नेताओं की सभा होगी। साथ ही, इस यात्रा के तहत सभी 13 जिलों में अनेक छोटी-बड़ी सभाएं होंगी।



- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रभारी मंत्रियों से मांगी उम्मीदवारों की सूची
- ERCP यात्रा की शुरुआत 16 को बारां में करेंगे खरगे, 20 को प्रियंका करेंगी समापन

### सभा के लिए कांग्रेस ने बनाई कमेटी

ईआरसीपी यात्रा के समापन पर 20 अक्टूबर को प्रियंका गांधी की सभा के लिए कांग्रेस ने कमेटी बनाई है। मंत्री ममता भूपेश, परसादी लाल मीणा, विश्वेंद्र सिंह, मुरारी लाल मीणा और राजपाल शर्मा को कमेटी में शामिल किया है, जो सभा की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी संभालेगी।

### जन जागरण अभियान भी चलेगा

पीसीसी महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि ईआरसीपी से जुड़े 13 जिलों के जिला प्रभारी महासचिव व विधानसभा प्रभारी अपने क्षेत्रों में जाकर जन-जागरण अभियान चलाएंगे और अपने-अपने प्रभार क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर समन्वय करते हुए सुनिश्चित करेंगे कि 15 अक्टूबर को सभी मंडलों में भाजपा की केंद्र सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### पीईसी की बैठक आज सीएम ने मांगी सूची!

कांग्रेस कमेटी वॉर रूम में प्रदेश इलेक्शन कमेटी की बैठक शुक्रवार को होगी। इसके बाद 14 अक्टूबर को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक दिल्ली में होगी। सूत्रों की मानें तो इस बैठक से पहले सीएम अशोक गहलोत ने प्रभारी मंत्रियों से उनसे संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के टिकट दावेदारों की सूची मांगी है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को प्रभारी मंत्रियों ने गहलोत को लिस्ट भेजना शुरू कर दिया। किसी मंत्री ने मुख्यमंत्री आवास पर जाकर सूची सौंपी तो किसी ने वॉट्सएप पर दी है।

**अय्यारी:** सेल्स टैक्स की गाड़ियों से उपकरण बरामद

# कर चोरी पकड़ने वाले अफसरों की 'जासूसी'

## एनफोर्समेंट की 8 गाड़ियों से निकले जीपीएस व रिकॉर्डिंग उपकरण

- प्रवर्तन शाखा की हर गतिविधि पर रहती थी अदृश्य निगाहें
- एनफोर्समेंट ऑपरेशन की विफलता का माना जा रहा है कारण

**बेधड़क एक्सक्लूसिव**

**विमल कोठारी** | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में सबसे अधिक राजस्व जुटाने वाले राज्य सरकार के वाणिज्यिक कर विभाग (स्टेट जीएसटी) की कर चोरी नियंत्रित करने वाली एक मात्र राज्य स्तरीय एनफोर्समेंट (प्रवर्तन) शाखा की गाड़ियों में जासूसी उपकरण बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया है। हाल ही में एक कार्रवाई के विफलता के बाद एनफोर्समेंट शाखा की एक गाड़ी की जांच में उपकरण मिला तो अन्य गाड़ियों की जांच की गई। उनमें भी ऐसे जासूसी उपकरण बरामद होने हुए तो सब हक्के-बक्के रह गए।

सूत्रों के अनुसार गत शुक्रवार देर रात कर चोरी की पुख्ता सूचना पर एनफोर्समेंट शाखा की एक टीम जयपुर से दूर हाईवे पर जंगल में कहीं सड़क पर खड़े हो कर बिना दस्तावेज माल का परिवहन करने वाली कुछ गाड़ियों का इंतजार करने लगी। जिस समय गाड़ियां गुजरने की इत्तला थी, वह समय बीते, जब काफी वक्त हो गया तो अधिकारी निराश हो गए। अचानक अधिकारियों की नजर उनकी गाड़ी के नीचे की ओर ब्लिंक हो रही लाल रोशनी पर पड़ी तो वे चौंक गए। उन्होंने देखा तो एक काफी छोटा बल्ब ब्लिंक कर रहा था।




इन उपकरणों की जांच के लिए अतिरिक्त आयुक्त एनफोर्समेंट रिषभ मंडल के नेतृत्व में एक जांच कमेटी का गठित की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ. रवि कुमार सूरपुर, आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान

### 8 गाड़ियों में मिले स्पाई इक्यूपमेंट

सूत्र बताते हैं कि जयपुर लौट कर शनिवार सुबह एनफोर्समेंट शाखा की टीम ने अपने उच्चाधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद सोमवार सुबह एनफोर्समेंट शाखा में लगी सभी 18 गाड़ियों की जांच का फैसला हुआ। जांच में पता चला कि शाखा की 8 गाड़ियों में इंडियन ऑटो कंपनी (जीपीएस इंडिया) सहित अन्य कम्पनियों के ऐसे ही उपकरण लगे थे। सूत्रों का दावा है कि ऐसे उपकरण अन्य गाड़ियों में भी लगे हो सकते हैं, लेकिन उपकरणों फिट किए जाने का पर्दाफाश होने के कारण कुछ स्मार्ट लोगों ने इन्हें हटावा दिया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने सभी उपकरणों को निकाला। गौरतलब है कि एनफोर्समेंट शाखा में अनुबंध पर टैक्सियां लगी हैं, जिनके वाहन चालक भी निजी स्तर पर ही रखे जाते हैं। खास बात तो यह भी है कि निजी टैक्सियों में कार्यरत कुछ वाहन चालक तो बरसों से इन गाड़ियों को चला रहे हैं।

### उपकरण देख सब रह गए हतप्रभ

जो बल्ब था उसको बाहर निकालने की कोशिश की तो एक तार भी हाथ आया। इस तार के कनेक्शन को खोजने की कोशिश हुई तो यह तार गाड़ी के बोनट की ओर जा रहा था। बोनट खोल कर देखा तो इसके साथ इंडियन ऑटो कंपनी (जीपीएस इंडिया) लिखा एक उपकरण अटैच था, जिसमें मोबाइल सिम भी लगी थी। अधिकारियों को यह समझते देर नहीं लगी कि इस जीपीएस उपकरण के माध्यम से उनकी अवैध रूप से कोई अज्ञात व्यक्ति ट्रैकिंग कर रहा है। फिर, लाइट में जा कर जांच की तो पता लगा कि इसका कनेक्शन डेशबोर्ड से है, जिससे आवाज भी जा सकती है, अर्थात गाड़ी में होने वाली बातचीत को कोई तीसरा व्यक्ति सुन रहा था।

**अपराधियों को दबोचने में बरती जा रही ढिलाई:** इस खुलासे के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों में आक्रोश है कि सरकारी राजस्व की चोरी करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने वालों की पहले से ही जानकारी अज्ञात लोगों के पास होने से उनकी जान भी जोखिम में पड़ सकती है। इस मामले की विस्तृत जांच कराए जाने व दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। चूंकि उपकरणों में सिम भी मिले हैं, इसके आधार पर आसानी से इस मामले में लिप्त लोगों तक पहुंचा जा सकता है, पर विभाग अभी ढिलाई बरतता ही नजर आ रहा है। वहीं, मामला उजागर होने के बाद विभाग ने फिलहाल कुछ टैक्सियों को अंबेडकर सर्किल स्थित मुख्यालय की पार्किंग में ही खड़ा करा दिया है।

**हमास से लड़ रहे इजराइल ने खोल दिया नया मोर्चा**

# सीरिया पर भी बोला हमला, दो एयरपोर्ट्स पर दागे रॉकेट

**एजेंसी** | दमिश्क

हमास से लड़ रहे इजराइल ने अब पड़ोसी देश सीरिया पर भी हमला बोल दिया है। सीरियाई अखबार 'अल-वतन' ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने दमिश्क और अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमले किए हैं, जिसके कारण इन दोनों हवाई अड्डों पर विमान का परिचालन निलंबित हो गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हवाई अड्डे के रनवे पर गोलाबारी की गई है।

आशंका जताई गई है कि इजराइल ने इन हमलों के जरिए ईरान से आए हथियारों को निशाना बनाया है। सीरिया की सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की है। सीरिया के सरकारी टीवी चैनल ने सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया है कि दोपहर लगभग 1.50 बजे इजराइली सेना ने अलेप्पो और दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर रॉकेट दागे। इससे हवाईपट्टी को नुकसान पहुंचा है।



### हमास से युद्ध में अब तक 2,300 मौतें

बता दें कि हमास के लड़ाकों ने शनिवार यानी 7 अक्टूबर को जब शबात (यहूदियों का छुट्टी का दिन) पर इजराइल में घुसकर हमला किया तो सभी हैरान रह गए। हमास के हमले के बाद शुरू हुई जंग लगातार जारी है। अब तक इस युद्ध में इजराइल में मरने वालों की संख्या 1,200 तक पहुंच गई है, जबकि गाजा पर इजराइली हवाई हमलों में 1,100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

पेज 10 भी देखें

### परिवार के 300 लोग इजराइल में फंसे: मधुरा



**नई दिल्ली।** इजराइल में हमास के हमले के दौरान टीवी एक्ट्रेस मधुरा नाइक की चचेरी बहन और जीजा की भी उनके छोटे-छोटे बच्चों के सामने हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके मधुरा ने यह बात बताई। मधुरा ने कहा कि उनके परिवार के 300 लोग इजराइल में फंसे हुए हैं। मेरे बहुत सारे रिश्तेदार लापता हैं और कुछ के शव मिले हैं। मधुरा भारतीय मूल की यहूदी महिला हैं। उनकी मां इजराइल की हैं और पिता हिंदू हैं।

**रिटायरमेंट से कुछ दिन पहले पदोन्नति**

## आईपीएस डीसी जैन बने CBI के विशेष निदेशक

**बेधड़क** | जयपुर

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अतिरिक्त निदेशक डीसी जैन को सीबीआई में विशेष निदेशक के रूप में नियुक्त करने के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गुरुवार को जारी हुए पत्र में लिखा है कि आईपीएस अधिकारी को अस्थाई रूप से सीबीआई के अतिरिक्त निदेशक के पद से सीबीआई के विशेष निदेशक के पद पर साल 31 अक्टूबर को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक या अगले आदेश तक की अवधि के लिए उन्हें पदोन्नत किया गया है।



### इसी महीने होने वाले हैं रिटायर

राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन फिलहाल सीबीआई के अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वे 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। हालांकि, अब उनकी पदोन्नति होने से कयास लगाए जा रहे हैं कि वे और लंबे समय तक अपनी सेवा दे सकते हैं।

**डैमेज कंट्रोल पर सवाल... नहीं थम रहा बवाल**

# भाजपा में एकजुटता के संदेश के दौरान ही आपस में उलझ गए समर्थक

- टिकट की पहली सूची के बाद खुलकर सामने आ रहा विरोध
- अजमेर में गजेंद्र सिंह के सामने ही देवनानी की खिलाफत
- हिंडौन के कार्यकर्ताओं का असंतोष पहुंचा भाजपा प्रदेश कार्यालय तक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा की 41 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि, भाजपा नेताओं का दावा है कि उन्होंने नाराज नेताओं को समझा दिया है, लेकिन लगातार उठ रहे पार्टी कार्यकर्ताओं के बगावती सुर इस दावे की पोल खोल रहे हैं। भाजपा नेता गुरुवार को भी पार्टी की एकजुटता का संदेश देते रहे, लेकिन इस संदेश के बीच ही कई जगह भाजपा पदाधिकारियों व केंद्रीय नेताओं को कार्यकर्ताओं का विरोध झेलना पड़ा।

अजमेर चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में गजेंद्र सिंह शेखावत के सामने ही अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के दो दावेदारों के समर्थक आपस में उलझ गए। इनमें एक गुट वासुदेव देवनानी का था, तो दूसरा गुट भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष काबरा का था। कार्यकर्ता ने नारेबाजी की और आमने-सामने हो गए, जिससे माहौल बिगड़ गया। यह नजारा देख शेखावत कार्यालय के एक कमरे में चले गए।

पेज 4 भी देखें







**इन स्थानों पर भी उठे विरोध के स्वर:** हिंडौन से घोषित प्रत्याशी राजकुमारी जाटव के विरोध में कई कार्यकर्ता ने आक्रोशित होकर हिंडौन से भाजपा मुख्यालय और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध जताया। वहीं, श्रीगंगानगर से जयदीप बिहाणी को टिकट देने के विरोध को शांत करने को गुरुवार को डॉ.सतीश पूनियां पहुंचने के बाद पार्टी में बगावत की आवाजें श्रीकरनपुर विधानसभा क्षेत्र से भी उठी। श्रीकरणपुर से अभी पार्टी ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन पिछले चुनाव में उम्मीदवार रहे पूर्व मंत्री सुरेंद्रपालसिंह टीटी तथा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपालसिंह संधू में से किसी एक को टिकट देने की आशंका से कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल काटा। इसी तरह झोटवाड़ा, कोटपूतली, देवली-उनियारा, किशनगढ़, तिजारा, नगर, बानसूर, सांचौर, झुंझुनूं और डूंगरपुर सीट पर विरोध नजर आया।

### वसुंधरा राजे से मिले कई नेता

टिकट वितरण से नाराज और टिकट कटने के डर के चलते कई नेता गुरुवार को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के आवास पर पहुंचे, जिन्होंने राजे से मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो राजपाल सिंह शेखावत, यूनुस खान, अशोक परनामी, कालीचरण सराफ सहित कई नेता राजे से मिलने पहुंचे। इस बीच, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने विधायक नरपत सिंह राजवी से माफी मांगने की मांग कर डाली।



### इनका कहना है

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि किसी कार्यकर्ता को छोटा मन करने की आवश्यकता नहीं हैं। सरकार बनने के बाद कई पद कार्यकर्ताओं के लिए होते हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में कोई विरोध नहीं हैं। प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा में टिकट मांगने वाले ज्यादा हैं। सभी नेता साथ मिलकर काम करेंगे। कोई खेमेबाजी नहीं है।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस टिकट वितरण प्रक्रिया अंतिम चरण में



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेश इलेक्शन कमेटी की बैठक शुक्रवार बुलाई गई है। सिंगल लाइन के प्रस्ताव को लेकर पीईसी की शाम 5 बजे पीसीसी वॉर रूम में बैठक होगी। इसमें प्रत्याशी चयन और घोषणा का अधिकार स्क्रीनिंग कमेटी-आलाकमान को सौंपने का प्रस्ताव पारित होगा। राजस्थान में भाजपा के प्रत्याशियों की पहली सूची आ चुकी हैं। वहीं अब कांग्रेस भी अपनी टिकट वितरण की प्रक्रिया शुक्रवार से अंतिम चरण पर ले जाने जा रही है। इसके लिए पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सभी मेंबर शामिल होंगे।

### मानक महोत्सव का आज होगा आयोजन

**जयपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानक महोत्सव का आयोजन शुक्रवार से जयपुर में किया जाएगा। वर्ष 2023 में 'सभी के लिए सुलभ और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा' विषय पर विश्व मानक दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईपीएस विजय कुमार सिंह होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि अपर महानिदेशक पीआईबी रितु शुक्ला और डॉ. अनुराग धाकड़ रहेंगे। कार्यक्रम में राजस्थान के जिन उद्योगों ने भारतीय मानको का अनुपालन करने में अग्रणी भूमिका निभाई है उन्हें एवं प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### नव चयनितों के कार्यग्रहण की मांगी अनुमति



**जयपुर।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण शिक्षा विभाग में अटकी नियुक्ति को लेकर गुरुवार को माध्यमिक एव प्रारंभिक शिक्षा निदेशक कानाराम ने स्वीकृति मांगी हैं। उन्होंने शासन सचिव भाषा एवं पुस्तकालय से विभाग में विभिन्न पदों पर प्रक्रियाधीन नियुक्तियों के अंतर्गत जिला, मंडल आवंटन के बाद अब कार्यग्रहण को लेकर स्वीकृति मांगी हैं। गौरतलब है कि आचार संहिता लागू होने के कारण शिक्षा विभाग की प्रक्रियाधीन नियुक्तियों और नवनियुक्त अभ्यर्थियों के कार्यग्रहण का कार्य रुक गया था।

**इलेक्शन मेनिफेस्टो बनाने में जुटी भाजपा,** नेताओं ने पैदल चलकर जनता से जानी राय

# अनुमति नहीं मिलने से थमे BJP के जन आकांक्षा रथ के पहिए

■ जेपी नड्डा ने पिछले दिनों 51 रथों को किया था रवाना

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपने वोटर्स को साधने में जुटी प्रदेश भाजपा इलेक्शन मेनिफेस्टो बनाने में जुटी हुई है।

इसी बीच भाजपा के जन आकांक्षा रथों के पहिए चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने से थम गए हैं। दरअसल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा इस बार चुनावी घोषणा पत्र की जगह संकल्प पत्र तैयार कर रही है। संकल्प पत्र को तैयार करने के लिए पार्टी आम जनता के बीच आकांक्षा रथ के जरिए जाती। इन 51 रथों को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पिछले दिनों ही जयपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, लेकिन यह रथ प्रदेश की सभी 200 विधनसभा क्षेत्रों में पहुंचते उससे पहले ही चुनाव आयोग ने इन पर रोक लगा दी है।



### सीपी जोशी ने घूमकर-घूमकर व्यापारियों से लिए सुझाव

आमनज के सुझावों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने राजापार्क में व्यापारिक प्रतिष्ठानों में घूमकर-घूमकर संकल्प पत्र के लिए यहां के व्यापारियों से संवाद किया और सुझाव लिए। जोशी ने कहा कि भाजपा जनता की भावनाओं के अनुसार अपनी नीतियों का निर्धारण करती है। न सिर्फ नीति बनाती है, वरन योजनाओं का क्रियान्वयन भी करती है। आम जनता से लिए जा रहे सुझावों का नीति निर्धारण करके विकसित, बेहतरीन, दैदीप्यमान, स्वस्थ, समृद्ध राजस्थान बनाने का काम भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार करेगी। इस दौरान विधायक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, कालीचरण सराफ, उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय प्रभारी श्रवण सिंह राव, जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, भाजपा नेता रवि नैयर, सोमकांत शर्मा सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

### 200 विधानसभा को कवर करना था टारगेट

जन आकांक्षा रथों में प्रदेश के नेताओं को सवार होकर जाना था और संकल्प पत्र के सुझाव के लिए गांव, ढाणी और शहरों में छोटी-छोटी सभाएं कर मतदाता को अपनी ओर आकर्षित करने का टास्क दिया गया था। इस दौरान सभा कर आम जनता से सुझाव भी लिया जाना था। इन रथों में आकांक्षा पेटी भी रखी गई थी जिसमें आमजन को अपने सुझाव देने थे। जिला मुख्यालयों और तहसील स्तर पर जाकर आमजन से संकल्प पत्र के संबंध में सुझाव लिए जाने थे।

### संकल्प समिति की हुई बैठक

घोषणा पत्र को लेकर गुरुवार को संकल्प पत्र समिति की बैठक हुई। समिति अध्यक्ष अर्जुनराम मेघवाल की अध्यक्षता में कई बिंदूओं पर चर्चा हुई। जयपुर के नारायण सिंह सर्किल के पास एक निजी संस्थान में यह बैठक कई घंटों तक चली। इस दौरान परिवर्तन यात्रा और जन अकांक्षा रथ से मिले सुझावों के साथ ही नेताओं और पार्टी संगठन से मिली राय का संकलन किया गया। इन सब पर विचार करने के बाद ही भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र जारी किया जाएगा।

**सूची जारी होने के बाद** डेमेज कंट्रोल करने करने की कवायद

# भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति विरोध के स्वर दबाने में जुटी

■ वसुंधरा हमारी नड्डा के बाद दूसरे नंबर की शीर्ष नेता: पंचारिया

बेधड़क | जयपुर

भाजपा नेता चुनाव प्रबंधन समिति की बैठकों के साथ-साथ पार्टी में उठ रहे विरोध के स्वरों को दबाने की कवायद में जुटे हैं। भाजपा की ओर से पहली सूची जारी होने के बाद से ही पार्टी में टिकट वितरण को लेकर विरोध देखने को मिल रहा है।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण लाल पंचारिया गुरुवार को भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने नाराज नेताओं को लेकर कहा कि भाजपा में सिर्फ और सिर्फ कमल ही खेमा है। भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासित है और भाजपा एकमुखी पार्टी है। वसुंधरा खेमे के नेताओं के टिकट कटने के सवाल पर पंचारिया ने कहा कि वसुंधरा हमारी जेपी नड्डा के बाद दूसरे नंबर की शीर्ष नेता हैं। वो खुद नीति निर्धारण कमेटी की सदस्य हैं।



### दूसरी सूची मंथन के बाद होगी जारी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि दूसरी सूची मंथन के बाद जारी होगी। तो ईआरसीपी को लेकर कांग्रेस की यात्रा पर बोले कि कांग्रेस नेता ईआरसीपी का मतलब तो बताएं। पूरे 5 साल राज में रहे, फिर इन्होंने ईआरसीपी पर काम क्यों नहीं किया। हमारे नेता कह चुके हैं कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो यह काम करवाएंगे

### PCC ऑफिस के बाहर उड़ते हैं तो कौवे

अजमेर पहुंचे केंद्रीय नेता गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा में टिकट मांगने वालों की संख्या ज्यादा है। पीसीसी ऑफिस के बाहर तो कौवे उड़ते हैं। भाजपा में सब एकजुट हैं और इस निकम्मी और नकारा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। हर कार्यकर्ता चाहता है कि उसे अवसर मिले। एक दो दिन में सब शांति हो जाएगी। शेखावत ने कहा कि भाजपा ने सूची तो निकाली है, विपक्षी तो सूची निकालने का साहस तक नहीं कर पा रहा। कई दिन से सूची डिजाइन बॉक्स और मुख्यमंत्री कार्यालय-रंधावा के बीच ही घूम रही है। वहीं गुजरात के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राजस्थान चुनाव के प्रभारी नितिन पटेल ने उदयपुर में चुनाव प्रबंधन कार्य समिति की कार्यशाला को संबोधित किया।

### महिलाओं को ज्यादा सीटें देने की संभावना

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि पिछले चुनावों की तुलना में इस बार महिलाओं को ज्यादा सीटें देने की सम्भावना हैं। पहली लिस्ट में ज्यादातर गत चुनावों में हारने वाली सीटों पर प्रत्याशी तय किए हैं। हालांकि अब इनमें से हम 85 फीसदी सीटें जीतेंगे। अब मजबूत सीटें, टक्कर वाली सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा होगी। डेमेज कंट्रोल को लेकर कहा कि तीन दिन पहले जो टेंपरेचर था, वह आज नहीं है। आज जो है वो तीन दिन बाद नहीं होगा, सभी एकजुट हैं। वहीं सांसद देवजी पटेल की गाड़ी पर पथराव को लेकर राठौड़ ने कहा कि सांसद की गाड़ी पर पत्थर फेंकने वाले कांग्रेस प्रायोजित था। यह सुखराम विश्नोई के लोग थे।

**मुख्यमंत्री का फोटो हटाए जाने की मांग**

# CM खुद कर रहे आचार संहिता का उल्लंघन, करेंगे शिकायत: चतुर्वेदी

बेधड़क | जयपुर।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने और कानून व्यवस्था नियंत्रण से बाहर होने का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इसी सप्ताह चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की घोषणा की गई और उसके बाद सभी पांच राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई।

वहीं कांग्रेस सरकार सत्ता जाने के भय से लगातार ट्रांसफर, घोषणाएं और प्रलोभन देने के सभी तरीके अपना रही है। जिस दिन आचार संहिता लग रही थी उस दिन देर रात तक सचिवालय में ट्रांसफर और घोषणाओं की बंदरबाट चलती रही और खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन किया गया।



### आचार संहिता के बाद की ये घोषणाएं

चतुर्वेदी ने आरपीएससी के तीन सदस्यों की नियुक्ति पर कहा कि जिस दिन आचार संहिता लगी उसी दिन आरपीएससी के तीन सदस्यों की घोषणा की गई। राजस्थान राज्य कर्मचारी बोर्ड में दो नियुक्तियां, आर्थिक पिछड़ा वर्ग में नियुक्ति और पांच नए बोर्डों का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ये जानते थे कि आचार संहिता लगने के बाद जिन्हे बोर्ड का अध्यक्ष बना रहे हैं, उन्हे न गाड़ी मिलने वाली है, ना स्टाफ मिलने वाला है।

### सरकारी गाड़ी में गए दिल्ली

पूर्व मंत्री चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत सोनिया गांधी से मिलने दिल्ली गए थे। इस दौरान सरकारी गाड़ी में उनके साथ उनके सचिव भी मौजूद थे, जो सीधा आचार संहिता का उल्लंघन है। अब सड़कों पर जितने भी होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर लगे हैं उनमें उनकी पार्टी के नेताओं के फोटो नहीं होना कांग्रेस के लिए चिंता का विषय होगा।

**किसान की गलत फोटो** लगाने का मामला

# एक ही शक्ल के कई लोग होते हैं, इसमें कोई बड़ा मुद्दा नहीं: राजेन्द्र गहलोत

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के नहीं सहेगा राजस्थान कैम्पेन के तहत पोस्टर में किसान की गलत फोटो पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत का बयान सामने आया है। इस फोटो को लेकर गहलोत बोले- उनकी शक्ल भी पाली के पूर्व सांसद पुष्प जैन से मिलती है।

उनकी शक्ल के भी चार लोग मिल जाएंगे और फोटो लग जाता है। इसमें कोई मुद्दा नहीं है। दरअसल, राज्यसभा सांसद गहलोत गुरुवार को बीकानेर दौरे पर थे। इस दौरान भाजपा के किसान कर्ज माफी वाले पोस्टर पर छपे माधुराम के फोटो को लेकर सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि एक ही शक्ल के कई लोग होते हैं। उनकी और पाली के पूर्व सांसद पुष्प जैन की शक्ल मिलती है तो संसद में लोग उन्हें कहते थे, आप पुष्प जैन हो क्या। उन्होंने कहा कि वे और पुष्प जैन आमने-सामने होते हैं तो हमारी एक जैसी शक्ल दिखती है।

हमारे बाल और हमारा नक्शा एक सा ही है। दुनिया में डुप्लिकेट तो होते ही हैं। डबल रोल के भी लोग होते ही हैं। कोई डबल रोल का लग गया होगा तो उससे क्या होता है।



### राजे के ही नेतृत्व में कर रहे काम

पूर्व सीएम को साइडलाइन करने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि राजे प्रदेश की सीएम रही हैं। पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। उनके नेतृत्व में ही हम काम कर रहे हैं। यहां किसी का कोई गुट नहीं है। जयपुर के विद्याधर नगर से नरपत सिंह राजवी और झोटवाड़ा से राजपाल सिंह शेखावत के टिकट कटने पर कहा- हो सकता है उनके लिए आगे कुछ अच्छा होने वाला होगा।

**सांसद को** फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

# टिकट को लेकर किसी के साथ भी धोखा नहीं किया: देवजी पटेल

■ काफिले पर हुए हमले के बाद थाने में दर्ज करवाई रिपोर्ट

बेधड़क | जयपुर

सांचौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सांसद देवजी पटेल का विरोध बढ़ता जा रहा है। बुधवार को सांसद पटेल के काफिल पर हमला हुआ था, जिसमें एक गाड़ी के कांच टूट गए थे।

उसके बाद उन्हें अब जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को सांसद पर हुए हमले को लेकर उनके निजी सचिव गणपत लाल ने सांचौर थाने में मामला दर्ज करवाया है। मामला दर्ज करवाने के बाद बुधवार रात 10:16 बजे किसी अज्ञात शख्स ने दो बार देवजी पहले को फोन कर जान से मारने की धमकी दी है।



इसे बाद एक बार फिर कॉलर ने कुछ देर बाद कॉल किया। लगातर हो रहे विरोध को लेकर सांसद देवजी पटेल ने गुरुवार को कहाइसको विरोध नहीं कहते, इसको नाराजगी कहते हैं। कई जगहों पर एक ही क्षेत्र से कई लोग टिकट मांगते हैं।

टिकट किसी एक को मिलता है तो दूसरे मित्रों में नाराजगी जरूर होती है। इस नाराजगी को घर में बैठकर सुलझा लेंगे। उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर मैंने किसी के साथ धोखा नहीं किया। धोखा मेरे खून में नहीं है। धमकी को लेकर कहा कि अज्ञात नंबर से फोन आया था, लेकिन ये बौखलाहट के तहत काम कर रहे हैं। हम लोग पुलिस के साथ मिल बैठकर इस मामले में कार्रवाई करेंगे।

**विधानसभा आम चुनाव 2023**

# आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर लगाम कसेगा सी-विजिल ऐप

■ निर्वाचन आयोग का 100 मिनट में कार्रवाई करने का दावा

बेधड़क | जयपुर

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में पारदर्शिता और आचार संहिता की सख्ती से पालना के लिए सी-विजिल ऐप तैयार किया है, जिस पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज होगी। निर्वाचन आयोग टीम 100 मिनट के अंतराल शिकायत पर कार्रवाई करने का दावा भी कर रहा है। जानकारी के अनुसार अपने विधानसभा क्षेत्र के किसी प्रत्याशी के खिलाफ अगर किसी मतदाता के पास कोई शिकायत है तो चुनाव आयोग के सी-विजिल ऐप पर शिकायत कर सकते हैं। यदि कोई प्रत्याशी निर्वाचन आयोग की ओर से तय मापदंडों की पालना नहीं कर रहा है तो उसका फोटो और वीडियो ऐप पर अपलोड कर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। चुनाव आयोग पूरी निर्वाचन प्रणाली को अंतिम छोर तक बैठे आदमी तक पहुंचाने का काम कर रहाहै। बता दें कि गुरुवार को अयोग की ओर से प्रदेशभर में 200 से अधिक शिकायतों पर कार्रवाई की गई।




### पेट्रोलियम पदार्थों का स्टॉक रखने के आदेश

चुनावों की तैयारियों को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने जयपुर जिले की राजस्व सीमा में आने वाले प्रत्येक पेट्रोल पंपों को अपने पास न्यूनतम एक हजार लीटर पेट्रोल, दो हजार लीटर डीजल, 200 लीटर ऑयल का स्टॉक सुरक्षित रखने के आदेश जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 कार्य में लगे वाहनों को सुगमता से पेट्रोल, डीजल एवं ऑयल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश केवल चार पहिया वाहनों पर ही लागू होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (यातायात) जयपुर की ओर से जारी कूपन के आधार पर पेट्रोल पंपों से वाहनों को पेट्रोल, डीजल एवं ऑयल उपलब्ध कराया जाएगा।

### पहली बार इस ऐप का प्रयोग

निर्वाचन विभाग ने पहली बार विधानसभा चुनाव में शिकायतों के निवारण के लिए सी- विजिल ऐप का उपयोग कर रहा है। यदि किसी मतदाता को लगता है कि उनके क्षेत्र का प्रत्याशी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए वोट देने के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन देने का काम कर रहा है तो उस प्रत्याशी या समर्थकों का वीडियो और फोटो लेकर सी- विजिल ऐप पर मोबाइल नंबर से लॉगिन करके शिकायत कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने मतदाता को चुनाव के दौरान रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, समय से अधिक देर तक लाउड स्पीकर सहित अन्य माध्यमों से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार आम जनता को दिया है। कोई भी व्यक्ति एंड्रॉयड आधारित 'सी-विजिल' एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकता है। शिकायत के साथ संलग्न जीआईएस सूचना स्वत: संबंधित जिला नियंत्रण कक्ष तक पहुंच जाती है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाने का भी विकल्प है।

### बॉर्डर पर परिवहन को लेकर रहेगी कड़ी नजर

चुनावों में बॉर्डर एरिया में निगरानी को लेकर विशेष टीम गठित की जाएगी। जिसमें शराब, ड्रग्स, कैश सहित अन्य के परिवहन को लेकर विशेष नजर रहेगी। विशेष टीमों और इंटेलिजेंस के माधयम से इन पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग ने आरबीआई सहित सभी बैंको को सख्त निर्देश देकर शाम 5 बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक किसी भी एटीएम में कैश जमा करने वाली गाड़ियों का परिवहन नहीं होगा। वहीं दिन में 10 से 5 बजे के परिवहन के दौरान भी रूट चार्ट सहित तमाम जानकारी आयोग को दी जाएगी। वहीं कंट्रोल रूम के माधयम से फेक न्यूज, सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी। फर्जी वोट रोकने को लेकर भी डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को आयोग ने दिशा निर्देश दिए हैं।

**जरूरी खबर**

## वोटर लिस्ट में अनियमितता को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जयपुर।** किशनपोल विधान सभा की वोटर लिस्ट में भारी मात्राओं में त्रुटियों होने पर हेरिटेज वार्ड 74 पार्षद कुसुम यादव ने जयपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच करने की मांग की। पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि किशनपोल विधानसभा में 12504 फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़े हुए हैं। गुरुवार को जिला कलेक्टर को 300 पेज के दस्तावेज उपलब्ध कराकर फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से हटाने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा के वोटर लिस्ट में कई गलतियां उजागर हुई है। इनमें झूठे शपथ पत्र के माध्यम से नाम जोड़ना, पहली पत्नी की मृत्यु और तलाक के बाद दूसरा और तीसरा विवाह होने के पश्चात भी पहली पत्नी व दूसरी व तीसरी पत्नी का नाम जुड़ा होना, मकान संख्या गलत भागमें दर्ज होना, मृत्यु के बाद भी नाम लिस्ट में होना, पिता-पुत्र की आयु में भिन्नता होना शामिल है। पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि पूर्व में भी निर्वाचन अधिकारी को पत्र देकर मामले के बारे में अवगत कराया गया है।

## गुंडा अधिनियम के तहत आठ अपराधी किए तड़ीपार

**जयपुर।** राजस्थान गुंडा अधिनियम के तहत राजधानी में आठ अपराधियों को तड़ीपार किया है। पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जिले से गुरुवार को आठ अपराधियों को जिला बदर किया है। इनमें शास्त्री नगर से नोमान, कोतवाली से इकबाल, भट्टा बस्ती थाने से शाहनवाज, बबलू, राशिद खान, सुभाष चौक से सागर गुर्जर, गलता गेट से मोहम्मद और आमेर से उदा राम सैनी को जिला बदर किया है। इन्हें दौसा, टोंक, डीडवाना-कुचामन जिला में निष्कासित किया है। जहां ये सब संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अखबार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**एशियाड से जीतकर लौटे खिलाड़ियों का पुलिस मुख्यालय में सम्मान**

# पदक विजेता को 2 लाख, प्रतिभागी को 50 हजार का इनाम

बेधड़क | जयपुर

चीन में हुए 19वें एशियाड में भाग लेकर जयपुर पहुंचने पर पुलिस के खिलाड़ियों का गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी उमेश मिश्रा ने स्वागत किया। डीजीपी मिश्रा और डीजी कानून व्यवस्था राजीव शर्मा ने एशियाड में पदक विजेता पांचों खिलाड़ियों को 2-2 लाख और प्रतिभागी खिलाड़ियों को 50-50 हजार रुपए राशि के चेक भेंट किए। महिला कबड्डी टीम कोच उपाधीक्षक शालिनी पाठक व एथलेटिक्स कोच एएसआई रामावतार का भी साफा बंधाकर सम्मान किया।



### चयन बोर्ड की डीजीपी ने की सराहना

महानिदेशक पुलिस मिश्रा ने चीन में सम्पन्न एशियाड में भारतीय टीम में शामिल राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन पर इनका पुलिस में चयन करने वाले खिलाड़ी चयन बोर्ड के अध्यक्ष एवं सचिव सहित सभी सदस्यों की भी सराहना की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस बीजू जॉर्ज जोसेफ की अध्यक्षता में गठित इस बोर्ड के सदस्य सचिव डीआईजी डॉ रामेश्वर सिंह थे। सदस्य के तौर पर आईजी अशोक गुप्ता, डीआईजी राहुल बारहठ व एसपी राजेश सिंह ने भी भाग लिया।

### राजस्थान का नाम किया रोशन

डीजीपी मिश्रा ने एशियाड पदक विजेता राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों के साथ ही उनके प्रशिक्षकों, खेल अधिकारियों और टीम प्रबंधकों को भी इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस के श्रेष्ठ चयनित खिलाड़ियों को सभी आवश्यक खेल व प्रशिक्षण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं मुख्य खेल अधिकारी विशाल बंसल ने बताया कि एशियाड में राजस्थान पुलिस के 6 खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं। एशियाड में महिला कबड्डी स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में राजस्थान पुलिस की 4 खिलाड़ी उपनिरीक्षक निधी शर्मा व सुषमा शर्मा और प्लाटून कमांडर साक्षी कुमारी व मुस्कान मलिक शामिल हैं। पुरुष कबड्डी स्वर्ण पदक विजेता टीम के सचिन तंवर राजस्थान पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। राजस्थान पुलिस की ही उपनिरीक्षक किरण बालियान ने शॉटपुट में कांस्य पदक जीता है। पुलिस के अन्य खिलाड़ी हैंडबॉल में पूजा कंवर, शूटिंग में उपनिरीक्षक दर्शना राठौड़ एवं तीरंदाजी में उपाधीक्षक रजत चौहान व प्राची सिंह शर्मा ने भी देश का प्रतिनिधित्व किया। बंसल ने बताया कि विगत दिनों कनाडा के विन्नीपेग में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स-2023 राजस्थान पुलिस के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 20 स्वर्ण, 9 रजत व 3 कांस्य सहित कुल 32 पदक अर्जित किए हैं।

**एसीबी ने निलंबित एएसपी पर एक ओर एफआईआर दर्ज की**

# पुष्कर की होटल में ली थी दिव्या मित्तल ने 1 करोड़ रुपए की घूस

■ लगातार बढ़ती जा रही हैं मित्तल की परेशानियां

बेधड़क | जयपुर

घूस लेने के मामले में फंस चुकी निलंबित एडिशनल एसपी दिव्या मित्तल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। एसीबी ने एक करोड़ रुपए की घूस लेने के आरोप में दिव्या पर एक और एफआईआर दर्ज कर ली है।

इससे पहले एसीबी ने दिव्या मित्तल को एक दवा कंपनी के संचालक से 2 करोड़ रुपए की घूस मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एसीबी को अनुसंधान के दौरान मित्तल के खिलाफ एक अन्य प्रकरण में एक करोड़ रुपए की घूस लेने के महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले थे।

एसीबी ने सबूतों की एफएसएल जांच कराई तो एक करोड़ की घूस लेने के प्रमाण सामने आए। इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर एसीबी ने दिव्या मित्तल व घूस देने वाले दवा फर्म संचालक संजय नंदवानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अब एसीबी दिव्या मित्तल को बुलाकर पूछताछ करेगी।



### ऐसे बनाया भ्रष्टाचार का दूसरा मुकदमा

दरअसल एसओजी ने सुनील नंदवानी नाम के दवा फर्म संचालक को नशीली दवाओं की सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सुनील के खिलाफ पहले तीन एफआईआर दर्ज है। उनकी जांच दिव्या मित्तल के पास थी। सुनील को एक मामले में दिव्या मित्तल गिरफ्तार कर लिया था और दो मामलों में उसे राहत देते हुए गिरफ्तार नहीं करने के लिए सुनील के भाई संजय से पुष्कर की एक होटल में मित्तल ने एक करोड़ रुपए की घूस ली थी। इसके बाद में मित्तल ने सुनील के दो अन्य मुकदमों में गिरफ्तारी के आदेश निरस्त कराए थे। एसीबी के परिवादी विकास अग्रवाल ने एक रिकॉर्डिंग एसीबी को दी थी। विकास ने सुनील के भाई संजय से वाट्सएप पर कॉल किया था और उससे उसके भाई के प्रकरणों के बारे में चर्चा की थी। तब संजय ने बताया था कि पुष्कर की एक होटल में मित्तल को एक करोड़ रुपए दिए थे। इसके बाद गिरफ्तारी नहीं हुई। इस रिकॉर्डिंग की एसीबी ने एफएसएल जांच कराई है। ऐसे में एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अब एसीबी ने भ्रष्टाचार का एक और मुकदमा एफआईआर दर्ज कर ली हैं।

### दो बार गिरफ्तार

एसीबी ने दिव्या मित्तल को जनवरी माह में घूस मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जून माह में मित्तल को जमानत मिल गई थी। इसके बाद अगस्त माह एसओजी ने मित्तल को एनडीपीएस के दर्ज मामलों में गड़बड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अब एसीबी ने मित्तल को एक अन्य मामला दर्ज करके फिर से गिरफ्तार करने की तैयारी कर ली है।

### व्हाट्सएप कॉल की रिकॉर्डिंग ने खोले राज

एसीबी ने इस मामले में व्हाट्सएप कॉल की रिकॉर्डिंग करवाई थी। इन रिकॉर्डिंग को एफएसएल जांच के लिए भेजा गया, जहां इसमें कोई कांट छांट नहीं मिली। इसके बाद एफएसएल से मिले प्रमाण के बाद यह पुख्ता हो गया कि पुष्कर की एक होटल में दिव्या ने 1 करोड़ घूस की राशि ली थी। एसीबी ने सभी गैजेट्स फोन, मेमोरी कार्ड, व्हाट्सएप चैट को एफएसएल भेजा तो दिव्या का सारा राज जांच में खुल गया।

**दुर्घटना या हत्या, पुलिस कर रही जांच**

## मॉर्निंग वॉक पर निकले हेड कांस्टेबल का शव मिला



बेधड़क | जयपुर

चंदवाजी थाने में तैनात मॉर्निंग वॉक पर निकले हेड कांस्टेबल का सड़क पर शव मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची चंदवाजी थाना पुलिस ने शव की पहचान हेड कांस्टेबल भगवान सहाय मीणा (45) निवासी हरवर (आमेर) के रूप में की। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। सूचना पर जयपुर ग्रामीण एसपी राजीव पचार भी मौके पर पहुंचे।

थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि भगवान सहाय थाने से करीब 5:30 बजे संतरी को बताकर मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। सुबह करीब 6:30 बजे पुलिस को जानकारी मिली कि सड़क किनारे शव पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो भगवान सहाय मीणा के बारे में पता चला। पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ की तो सामने आया कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। अज्ञात वाहन के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

उन्होंने बताया कि हेड कॉन्स्टेबल भगवान सहाय मीणा 3 साल से चंदवाजी थाने में तैनात थे। वे रोजाना करीब 5-5:30 बजे मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। पुलिस टीमें आस-पास के लोगों से भी घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिवार के लोग शव लेकर गांव हरवर रवाना हो गए, जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**वेस्टर्न डिस्टर्बेंस खत्म, तापमान में आई गिरावट**

## दिन तो वैसे ही, रात हुई 'गुलाबी'

बेधड़क | जयपुर

राजधानी सहित प्रदेशभर में रात का पारा गिरने लगा है। रात का तापमान गिरने से प्रदेश की कई जगह लोगों ने रात के समय पंखे बंद कर दिए। राजधानी में दिन के समय अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री के अलावा रात को अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात के समय सबसे कम तापमान सीकर और अलवर में 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा 9 जगह तापमान 20 डिग्री से नीचे




दर्ज किया गया। दरअसल तापमान गिरने का कारण उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का खत्म होना है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 19 और 20 अक्टूबर से राजस्थान के अधिकांश शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाएगा और सर्दियों की शुरुआत हो जाएगी। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर भारत में 14 या 15 अक्टूबर से एक प्रभावशाली वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा। इस सिस्टम का असर राजस्थान के उत्तर- पूर्वी और उत्तर पश्चिमी जिलों में भी देखने को मिलेगा। जोधपुर, बीकानेर, जयपुर और अजमेर संभाग के जिलों में आसमान में बादल छा सकते हैं। इसके अलावा कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

## पोस्टरों पर 'आचार संहिता'





*बेधड़क.जयपुर। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने के बाद ग्रेटर नगर निगम उपायुक्त राजस्व प्रथम और सभी जोनों की टीम फील्ड से पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स, वॉल पेंटिंग और होर्डिंग को हटाने का काम कर रही है। निगम आयुक्त बाबूलाल शर्मा ने बताया कि इसके लिए 38 टीम लगाई गई हैं जो कि फील्ड में रहकर 24 घंटे कार्य कर रही हैं। यह सभी टीमें तीन पारियों में ड्यूटी कर रही हैं। अभी तक लगभग 30 हजार से भी अधिक होर्डिंग, बैनर और पोस्टर हटाये जा चुके हैं। इसके साथ ही जोनवाइज कार्य कर रही 7 टीमों द्वारा दीवार लेखन पर पेंट का कार्य किया जा रहा है।*

**स्नेहा समूह और सहयोगियों के 10 ठिकानों पर चल रही आयकर की छापेमारी**

# 30 करोड़ की सर्कुलर ट्रेडिंग गतिविधियां पकड़ी

बेधड़क | जयपुर

आयकर विभाग की जयपुर में चल रही छापेमारी में विभागीय अधिकारियों ने अब तक 20 लाख रुपए की नकदी और 30 लाख की ज्वैलरी जब्त की हैं। तीन दिन जारी इस कार्रवाई में गुरुवार को अधिकारियों ने पांच ठिकानों पर कार्रवाई पूरी कर इसको समाप्त किया। हालांकि, विभाग की अन्वेषण शाखा की मंगलवार को जयपुर जिले में 10 ठिकानों पर शुरू हुई आयकर छापेमारी में तीसरे दिन गुरुवार को 5 ठिकानों पर छापेमारी जारी रही।

आयकर छापेमारी में विभागीय अधिकारियों से सर्कुलर ट्रेडिंग गतिविधियां पकड़ी हैं। दस्तावेजी जांच में अधिकारियों ने 4 फर्मों



से किया गया करीब 30 करोड़ का लेनदेन बोगस माना। इसके अलावा छापेमारी का निशाना बने समूह की कम्पनियों की स्टॉक पुस्तिकाओं में भी बड़ी गड़बड़ी मिलने की सूचना है।

### इनके यहां हुई छापेमारी, 3 लॉकर खोले

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार आयकर छापेमारी की यह कार्रवाई स्नेह समूह के कर्ताधर्ता विशाल बंसल, उनकी पत्नी निकिता बंसल और इनके कारोबारी सहयोगियों के ठिकानों पर की। आयकर अधिकारियों को छापेमारी में 6 लॉकर्स मिले, जिनमें से तीन गुरुवार को खोल लिए गए और तीन अभी खुलना शेष है। बताया जाता है कि लॉकर्स में कुछ दस्तावेज मिले हैं, जिनकी विस्तृत जांच होगी। उल्लेखनीय है कि अपर्याप्त आयकर भुगतान और वित्तीय संस्थाओं से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए सर्कुलर ट्रेडिंग की सूचनाओं के आधार पर आयकर विभाग की जयपुर अन्वेषण शाखा ने इस कार्रवाई की शुरुआत की। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा की यह छापेमारी जयपुर के सी-स्कीम, बनी पार्क, जवाहर नगर, एमआई रोड के अलावा विश्वकर्मा और बगरु औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा दूदू में की। बताया जाता है कि स्नेहा समूह सिंथेटिक पॉलिमर्स से पैकिंग मैटेरियल और सिंथेटिक शीट आदि के उत्पादन से जुड़ा है। कार्रवाई का निशाना स्नेहा समूह की स्नेहा पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड, स्नेहा ऑलिफिन्स प्रा.लि. और श्री तिरुपति इण्डस्ट्रीज भी बनी। इन कम्पनियों के कार्यालयों से भी आयकर अधिकारियों ने अनेक डिजिटल डॉटा जुटाएं हैं, जिसका विश्लेषण होगा। 5 ठिकानों पर आयकर छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार देर रात तक जारी रही।

### करोड़ों का हिसाब-किताब मिलने की संभावना

हालांकि, जिन 5 ठिकानों पर आयकर छापेमारी जारी है, वहां पर करोड़ों रुपए का हिसाब-किताब मिलने की संभावना जताई जा रही है। यहीं कारण है कि प्रत्येक दस्तावेज की जांच को लेकर कार्रवाई 3 दिन तक जारी रही। हालांकि, कितना हिसाब-किताब मिला है। इसका खुलासा विभाग की टीम कार्रवाई समाप्त होने के बाद ही करेगी।

**शिला माता मंदिर में भरेगा मेला**

## नवरात्र में आमेर फोर्ट में हाथी सवारी रहेगी बंद

बेधड़क | जयपुर

शारदीय नवरात्र में शिला माता मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए आमेर महल में 14 से 24 अक्टूबर तक हाथी सवारी बंद रहेगी। पर्यटक भी आमेर महल शाम 5:30 बजे तक ही देख पाएंगे। ऐसे में रात्रिकालीन पर्यटन भी बंद रहेगा। इस संबंध में गुरुवार को पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की उपनिदेशक कृष्णकांता शर्मा ने आदेश जारी किए हैं।

आमेर महल अधीक्षक पंकज धरेन्द्र ने बताया कि नवरात्र को देखते हुए 14 से 24 अक्टूबर तक आमेर महल शाम 5:30 बजे तक ही खुलेगा। इस दौरान हाथी सवारी भी बंद रहेगी। नवरात्र में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि मंदिर में आने वाले भक्तों को किसी तरह की समस्या का सामना ना करना पड़े।

पर्यटकों की सुविधा के लिए महल प्रवेश के लिए टिकिट बुकिंग व्यवस्था सिंहपोल गेट पर की गई है। त्रिपोलिया गेट से पर्यटकों की निकासी की व्यवस्था होगी। दरअसल शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। इस अवसर पर आमेर महल में स्थित शिला माता मंदिर में विशाल मेला भरता है। नवरात्र के दौरान जयपुर के पूर्व राजपरिवार की ओर से 9 दिनों तक माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में 9 दिनों तक दुर्गा सप्तमी का पाठ किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### शराब की भट्टियां तोड़ी, 4500 लीटर वाश किया नष्ट



**भरतपुर।** डीग जिले के जुरहरा थाना पुलिस ने शराब बनाने के लिए लगाई गई भट्टियों को तोड़ा और 4500 लीटर वाश को नष्ट किया। अवैध शराब माफिया जंगलों में शराब बनाने का काम कर रहे थे। जुरहरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि सहसन गांव के जंगल में शराब बनाने का काम किया जा रहा है। थाना अधिकारी महेश कुमार ने जाप्ते दबिश दी। पुलिस को देख आरोपी फरार हो गए। जंगल में हथकड़ शराब बनाने के लिए भट्टियां लगाई हुई थीं। जिन्हें पुलिस ने तोड़ दिया और वाश नष्ट किया।

### ट्रैक्टर ने दो युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**धौलपुर।** जिले के कोलारी थाना इलाके में सिगोरा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार और सड़क किनारे खड़े राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि राहगीर गंभीर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार महेश (22) पुत्र हरिसिंह अपनी भतीजी प्रियंका को बाइक पर बिठाकर स्कूल से सिंघोरा गांव आ रहा था। बसई नबाव की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महेश की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान वहां खड़ा एक युवक भी घायल हो गया।

### रिश्वतखोर XEN के घर में मिली 4 लाख की शराब



**कोटा।** एसीबी उदयपुर स्पेशल यूनिट की गिरफ्त में आया डूंगरपुर जिला परिषद का एक्सईएन अजय भार्गव विदेशी शराब का शौकीन निकला। भार्गव के कोटा स्थित घर की तलाशी में विदेशी ब्रांड की करीब 190 बोतल शराब बरामद हुई है। इसकी कीमत 4 लाख रुपए के आस-पास बताई गई है। महावीर नगर थाना पुलिस ने एक्साईज एक्ट में मामला दर्ज किया है। सिटी एसपी शरद चौधरी के निर्देश पर महावीर नगर थाना पुलिस ने अजय भार्गव के घर की तलाशी ली गई। एक्सईएन भार्गव को 45 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा टीम ने पकड़ा था।

---

**फ्रांस के ग्रुप ने पितरों की आत्म शांति के लिए** गडीसर झील किनारे मंत्रोच्चारण के बीच की पूजा-अर्चना

# विदेशियों को भाई श्राद्ध पद्धति, अपने पूर्वजों का किया तर्पण

■ गाइड द्वारा मिली जानकारी से प्रभावित होकर की पूजा

**बेधड़क** | जैसलमेर

भारतीय सनातना पूजा पद्धति से विदेशी भी प्रभावित हो रहे हैं। इसका नजारा जैसलमेर में देखने को मिला। यहां फ्रांस से आए पर्यटकों के एक दल ने अपने पूर्वजों की आत्मशांति के लिए सनातन रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर पूर्वजों की शांति और मोक्ष की कामना की। इन विदेशी सैलानियों ने श्राद्ध के दौरान पितरों के निमित्त किए जाने वाले तर्पण व पिंडदान आदि की क्रिया के बारे में जाना तो वे इतने प्रभावित हुए कि खुद ने भी इसे करने की ठानी।

गुरुवार को जिले में गडीसर लेकर पर फांस से आए पर्यटक दल की महिलाओं ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी सहित अन्य पूर्वजों की आत्मशांति के लिए पर्तण व श्राद्ध कर्म किया। दरअसल, फ्रांस की 17 महिलाओं का ग्रुप मंगलवार को जैसलमेर घूमने पहुंचा था। श्राद्ध पक्ष का महत्व जानने के बाद गुरुवार को गड़ीसर लेक में अपने दादा-दादी और नाना-नानी का श्राद्ध व पर्तण किया।



### घाट पर लोगों को तर्पण करते देख मन में जागी जिज्ञासा

फांस के पर्यटक दल की महिलाओं को जब श्राद्ध पक्ष से जुड़ी वैदिक परंपरा की जानकारी मिली तो वे इससे काफी प्रभावित हुईं। ग्रुप की लीडर सनड्रीन ने बताया कि हमने पुष्कर और गड़ीसर लेक पर श्राद्ध होते देखा तो इस बारे में अपने गाइड से पूछा। गाइड ने सभी को श्राद्ध पक्ष की जानकारी दी। तब हम सभी ने इस रीति-रिवाज को पूरे मन से करने की ठानी। जैसलमेर के पंडित आनंद रामदेव ने गड़ीसर लेक पर तर्पण कराने की व्यवस्था की। इसके बाद ग्रुप की सभी महिलाओं ने अपने-अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया। महिलाओं का कहना था कि पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलेगी, इसे लेकर काफी पॉजिटिव फील कर रही हैं।

### अपनी सभ्यता-संस्कृति पर हुआ गर्व: पं. रामदेव

पंडित आनंद रामदेव ने बताया कि जब विदेशियों ने श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों के लिए तर्पण क्रिया और श्राद्ध करवाने की बात कही तो मुझे अपनी सभ्यता-संस्कृति पर बड़ा गर्व हुआ। ऐसे में विदेशी महिलाओं के लिए श्राद्ध की सभी सामग्री एकत्र की गई और मंत्रोच्चारण के बीच तर्पण किया गया। इस दौरान 17 महिलाओं ने अपने-अपने पूर्वजों के लिए श्राद्ध किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। किसी ने अपने दादा-दादी तो किसी ने अपने नाना-नानी की आत्मा के मोक्ष के लिए तर्पण किया। सनड्रीन ने बताया कि श्राद्ध करने के बाद सभी भावुक थीं। उनके मन में जो बोझ था, वह उतर गया। पितरों का तर्पण कर सभी का मन शांत हो गया।

---

**देवनानी और काबरा** के समर्थकों में कहासुनी के बाद धक्का-मुक्की

# BJP में फिर सामने आई गुटबाजी टिकट को लेकर खींचतान जारी

**बेधड़क** | अजमेर

विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में टिकट को लेकर घमासान तेज हो गई है। दावेदार अपने-अपने तरीके से शक्ति प्रदर्शन कर माहौल को खुद के पक्ष में करने की मशक्कत में जुटे हैं। वहीं अब टिकट को लेकर गुटबाजी भी सामने आ रही है।

भाजपा में कुछ ऐसा ही देखा जा रहा है। अजमेर में गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के सामने ही अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के दो दावेदारों के समर्थक आपस में उलझ गए। इनमें एक पक्ष वासुदेव देवनानी और दूसरा पक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष काबरा का था। इस दौरान भाजपा कार्यालय में करीब 20 मिनट तक शक्ति प्रदर्शन चलता रहा। आखिरकार शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी की मध्यस्थता के बाद मामला शांत हुआ।

दरअसल, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत अजमेर चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे थे। इस दौरान दोनों नेताओं के समर्थन आमने-सामने हो गया। इसके बाद देखते ही देखते बैठक में माहौल गरमा गया। गौरतलब है कि वर्तमान में अजमेर उत्तर विधानसभा सीट से टिकट को लेकर भाजपा में घमासान मचा हुआ है।

वहीं, टिकट के दावेदार पार्टी से मांग कर रहे हैं कि वासुदेव देवनानी को अब रिटायर कर किसी युवा को मौका दिया जाना चाहिए। इसी कड़ी में गुरुवार को टिकट को लेकर दावेदार सुभाष काबरा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय पंहुचे जहां उन्होंने शक्ति प्रदर्शन किया।






### समर्थकों ने अपने-अपने नेता के समर्थन में की नारेबाजी

सुभाष काबरा ने कहा कि वे समर्थकों के साथ अपनी बात केन्द्रीय मंत्री तक पहुंचाने आए थे। इस दौरान काबरा के समर्थकों ने नारेबाजी कर उनको टिकट देने की मांग उठाई। इधर काबरा के समर्थन में हुई नारेबाजी को देखते हुए देवनानी समर्थक भी नारेबाजी करने लगे। इतने में काबरा और देवनानी समर्थक आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते माहौल बिगड़ गया। हालांकि, इन दृश्यों को देख केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कार्यालय के एक कमरे में चले गए, जहां उन्होंने स्थानीय वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मुलाकात की। आखिरकार देवनानी के खास और शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

### वासुदेव देवनानी को दे देना चाहिए रिटायरमेंट

अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता व टिकट के दावेदार सुभाष काबरा ने कहा कि कार्यकर्त्ताओं को लगा कि जनसेवक को टिकट नहीं दिया जा रहा है तो कार्यकर्त्ता अपने साधनों से भाजपा कार्यकाल पंहुचे और उनके लिए टिकट की मांग की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का भाजपा कार्यालय घर ही है और घर में अपनी बात कहना गलत नहीं है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि जो भी व्यक्ति दावेदारी करता है, उसे अपेक्षित बैठकों में देवनानी की ओर से नहीं बुलाया जाता है, ताकि वो बैठकों में अपनी बात नहीं रख सके। काबरा ने देवनानी पर तंज कसते हुए कहा कि घर के माता-पिता बुजुर्ग हो जाते हैं तो उनसे काम नहीं करवाया जाता है, बल्कि उनकी सेवा की जाती है। पार्टी को देवनानी को रिटायर कर देना चाहिए, ताकि सभी को उनकी सेवा करने का अवसर मिल सके।

---

**चालक को** हिरासत में लिया

# कार से 28 लाख रुपए बरामद, आयकर टीम कर रही है जांच



**बेधड़क** | धौलपुर

जिला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी से 28 लाख रुपए की नकदी बरामद की है। ओंड़ेला रोड पर पुलिस की ओर से नाकाबंदी कराई गई थी। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आयकर विभाग की टीम को सूचित कर मौके पर बुलाया गया।

सीओ सिटी सुरेश सांखला ने बताया विधानसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब, हथियार एवं अवैध राशि पर पुलिस की ओर से पैनी नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में निहालगंज थाना क्षेत्र में ओंडेला रोड पर पुलिस चौकी के पास नाकाबंदी कराई गई थी।

बुधवार रात को पुलिस की नाकाबंदी के दौरान एक पजेरो कार ओंडेला गांव की तरफ से आती हुई दिखी। पुलिस टीम ने बैरिकेड लगाकर गाड़ी को रोका। सीओ ने बताया पुलिस की ओर से बारीकी से कार की तलाशी ली गई। कार के अंदर रखे बैग से पुलिस ने 28 लाख रुपए की राशि बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि चालक बरामद की गई नकदी को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया भरतपुर से आयकर विभाग की टीम को सूचित कर मौके पर बुलाया गया।

आयकर विभाग की टीम गहनता से इस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया अभी तक बरामद की गई राशि के संबंध में हिरासत में लिए गए चालक एवं उसके परिजनों की ओर से कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी गई है।

सीओ सांखला ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस का सघन नाकाबंदी अभियान लगातार जारी रहेगा।

---


**सजा सुनाते समय जज ने** बाली वध प्रसंग का किया जिक्र

# बेटी से हैवानियत के आरोपी पिता को अंतिम सांस तक कैद की सजा

**बेधड़क** | कोटा

अपनी ही नाबालिग बेटी का दुष्कर्म का शिकार बनाने वाले पिता को न्यायालय ने अंतिम सांस तक कैद की सजा सुनाई। वहीं 10 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। सजा सुनाते समय जज ने बाली वध प्रसंग का जिक्र किया।

जज दीपक दुबे ने कहा कि बाली वध के समय भगवान श्रीराम से बाली ने पूछा था कि 'मेरा वध क्यों किया?' इस पर रामचरितमानस की चौपाई 'अनुज वधु भागिनी सुत नारी, सुनु सठ कन्या सम ऐ चारी... इन्हहि कुदृष्टि बिलोकई जोई, ताहि वध कछु पाप न कोई' का जिक्र करते हुए बताया कि अपने परिजनों पर भी गंदी दृष्टि रखने वाले की हत्या कर देना पाप नहीं है।



सरकारी वकील ललित शर्मा ने बताया कि घटना 19 दिसंबर, 2022 की है। पीड़िता की दो बहने घर से बाहर गई थीं। इसी दौरान उसके पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद उसकी मां ने का पिता से झगड़ा भी हुआ। पिता के माफी मांगने पर मामला शांत हो गया था।

इसके बाद जब पीड़िता बालिग हो गई तो 9 मार्च, 2023 को इस उसने उद्योग नगर थाने में मामला दर्ज कराया। कोर्ट ने पीड़िता को 10 लाख की आर्थिक सहायता दिलाने की अनुशंसा भी की है।

---

**कुछ लोग घी ड्रम में भरकर** ले जाने के लिए ट्रैक्टर लेकर आए

# टैंकर पलटा, लोगों में घी लूटने की मची होड़

**बेधड़क** | अलवर

जिले के भिवाड़ी में गुरुवार को घी से भरा टैंकर सड़क पर पलट गया। आस-पास के लोगों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे अपने-अपने घर से डिब्बे, ड्रम, बर्तन और बाल्टी लेकर घी लूटने मौके पर आ पहुंचे।

यहां तक कि कुछ लोग घी ड्रम में भरकर ले जाने के लिए ट्रैक्टर लेकर भी आए। घी लूटने की होड़ से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। मामला गुरुवार सुबह 9 बजे यूआईटी थाने के सामने का है। घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया था,



जिसे बाद में भिवाड़ी पुलिस ने यूआईटी सेक्टर-6 से गिरफ्तार कर लिया, जिससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार भिवाड़ी के अजंता चौक पर स्थित अजंता सोया फैक्ट्री से घी भरकर खुशखेड़ा में बिस्किट फैक्ट्री में भेजा जा रहा था।

यूआईटी थाने के सामने मोड़ पर ड्राइवर ने टैंकर को तेजी से घुमाया। इससे टैंकर पलट गया। टैंकर में रखा 30 टन घी सड़क पर फैल गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया। क्रेन की मदद से टैंकर को सड़क से हटाया गया। पुलिस ने बताया कि सड़क पर घी फैलने की वजह से कई वाहन फिसलने लगे थे। इसको देखते हुए करीब 15 हजार लीटर पानी से सड़क को साफ किया गया। बताया जा रहा है कि टेंकर पलटने से कंपनी को करीब 30 से 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

---

**बीएसएफ की शूटिंग प्रतियोगिता का समापन**

# मोर्टार फायरिंग में राजस्थान फ्रंटियर टीम बनी सिरमौर

**बेधड़क** | जैसलमेर

भारत-पाकिस्तान सीमा के पास किशनगढ़ फील्ड फायरिंग में आयोजित हुई 52वीं शूटिंग प्रतियोगिता में नॉर्थ बंगाल जहां ओवर ऑल विजेता बना वहीं राजस्थान फंटियर मोर्टार फायरिंग में सिरमौर रहा। नौ अक्टूबर से शुरू हुई अंतर सीमांत शूटिंग प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ।

इसमें नॉर्थ बंगाल ने सटीक निशाने लगाते ओवर ऑल विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं राजस्थान फ्रंटियर ने मोर्टार फायरिंग में गोल्ड जीता। इसके अलावा एमएमजी मशीनगन फायरिंग में नॉर्थ बंगाल विजेता बनी। विजेता फ्रंटियर की टीम को बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के आईजी पुनीत रस्तोगी ने इनाम देकर सम्मानित किया। इस दौरान आईजी रस्तोगी ने सभी जवानों की हौसला अफजाई भी की। गौरतलब है कि भारत-पाक सीमा पर स्थित किशनगढ़ फील्ड फायरिंग में बीएसएफ की 52वीं अंतर सीमांत सपोर्ट वेपन शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देश भर से बीएसएफ के 11 फ्रंटियर के करीब 700 जवानों ने इसमें हिस्सा लिया। बीएसएफ के शॉर्प शूटर्स ने अचूक निशाना साधकर दुश्मन के ठिकानो को मटियामेट किया। 81 मोर्टार और एमएमजी मशीनगन से सटीक निशाने लगाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरुवार को हुए समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया।




### समापन समारोह में पुरस्कार भेंटकर विजेताओं का सम्मान

समापन समारोह में राजस्थान फ्रंटियर के आईजी पुनीत रस्तोगी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में बीएसएफ के कई वरिष्ठ अधिकारी व जवान भी मौजूद रहे। आईजी पुनीत रस्तोगी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी बल में सपोर्ट वेपन की बहुत अहमियत होती है। इस तरह की प्रतियोगिता जवानों के युद्ध कौशल एवं निपुणता को निखारने में अहम भूमिका निभाती है। देश की सुरक्षा मे भी बीएसएफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1971 के भारत-पाक युद्ध में बीएसएफ के शौर्य की गाथा पूरा देश जानता है।

### 81 मोर्टार से लगाए सटीक निशाने

किशन गढ़ फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित हुई इस 4 दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में राजस्थान फ्रंटियर की टीम ने 81 मोर्टार से सटीक निशाने लगाए। इससे देशभर में राजस्थान फ्रंटियर की टीम विजेता बनी। वहीं नॉर्थ बंगाल की टीम ने दूसरा और जम्मू फ्रंटियर की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। एमएमजी मशीनगन से निशानेबाजी में नॉर्थ बंगाल की टीम ने बाजी मारते हुए सटीक निशाने लगाए और पहला स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में गुजरात फ्रंटियर द्वितीय और राजस्थान फ्रंटियर तृतीय स्थान पर रही।

---

# 40 लाख का 80 हजार ली. पेट्रोलियम पदार्थ जब्त

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

सीओ भादरा की टीम ने डीएसटी व थाना भादरा पुलिस के सहयोग से करनपुरा स्थित एक ऑयल कंपनी में दबिश देकर 40 लाख रुपए कीमत का 80 हजार लीटर अवैध पेट्रोलियम पदार्थ पदार्थ जब्त किया है। मौके से फैक्ट्री मैनेजर को गिरफ्तार किया गया। फैक्ट्री में तीन टैंकरों में अवैध तरीके से पेट्रोलियम पदार्थ का भंडारण किया गया था।

सीओ भादरा सुभाष गोदारा के नेतृत्व में करनपुरा स्थित गार्गी ऑयल कंपनी पर दबिश दी गई। यहां खड़े तीन टैंकरों में लगभग 80 हजार लीटर अवैध पेट्रोलियम पदार्थ का भंडारण किया हुआ था। इसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए है। फैक्ट्री में खड़े



तीनों टैंकर और दो डिस्पेंसिंग यूनिट मशीन के माध्यम से तेल का विक्रय किया जा रहा था। पुलिस ने फैक्ट्री पर मौजूद मैनेजर राजेश कुमार जाट (29) निवासी थाना आजाद नगर हिसार हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, विलायक, रेफिनेट और स्लॉप आदेश के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।




**सीधे फील्ड से** | **BJP की पहली सूची से बढ़ी कांग्रेस की चिंता, 19 में से 5 सीटों पर BJP उम्मीदवार तय**

# राजधानी फतह के लिए दोनों पार्टियों में जिताऊ चेहरा ढूंढने की कवायद

लोकेश ओला | बेधड़क

**जयपुर।** विधानसभा चुनावों की रणभेरी बजे चार दिन हो चुके हैं लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची का इंतजार है। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिहाज से कांग्रेस और भाजपा के लिए ये विधानसभा चुनाव जीतना जरूरी है। लेकिन चुनाव जीतने के लिए जिताऊ चेहरे जरूरी हैं। कांग्रेस सरकार के कामकाज का दम भर रही है। भाजपा की पहली सूची के बाद फिर से हर सीट के लिए रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे में हर वर्ग को साधने और भाजपा के दिग्गजों को टक्कर देने के लिए हर एंगल से नई रणनीति बनाई जा रही है। कांग्रेस पार्टी इस बार भी विधानसभा चुनावों में जातिगत ताना बाना बुनते उम्मीदवार मैदान में उतारना चाहती है। लेकिन भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद अब कुछ फेरबदल की तैयारी में है। भाजपा ने जयपुर की 19 विधानसभा सीटों में से पांच सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा ने जिन दो सीटों पर राजपूत को टिकट दिया है वहां पिछले तीन चुनावों से राजपूत को ही टिकट देती आई है लेकिन कोटपूतली से इस बार सामान्य वर्ग की बजाय गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में कांग्रेस भाजपा के इन दावेदारों के सामने मजबूत और जातिगत फैक्टर में फिट बैठने वाले चेहरे को मैदान में उतारना चाहती है।



## इस बार पैटर्न में बदलाव की तैयारी

पॉलिटिकल पार्टियां टिकटों का समीकरण विधानसभा क्षेत्र में वोटर्स के जातिगत समीकरणों को देखते हुए करती हैं। जयपुर जिले की 19 सीटों की बात करें तो जयपुर ग्रामीण और जयपुर शहर के वोटर्स के अनुसार टिकट तय किये जाते रहे हैं। जयपुर शहर की 8 विधानसभा सीटों की बात करें तो 2018 में कांग्रेस को 5 सीटों पर जीत मिली। जिनमे दो माइनॉरिटी, एक राजपूत, एक ब्राह्मण और एक एससी रिजर्व जीतकर आए जबकि तीन सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार रहे। ऐसे में इस बार विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी विशेष रणनीति बना रही है। 2013 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने जयपुर की 19 विधानसभा सीटों पर जातिगत रणनीति बनाते हुए चार ब्राह्मण, दो जाट, दो यादव, दो मुस्लिम, एक राजपूत, एक जैन, एक माली और एक गुर्जर सहित तीन एससी और दो एसटी रिजर्व को मैदान में उतारा था। रणनीति के अनुसार दी गई टिकटों से कांग्रेस को 19 में से 10 सीटों पर जीत मिली। जिसमे जाट,यादव, गुर्जर, राजपूत, मीणा, ब्राह्मण एक-एक जीते, वहीं मुस्लिम दो और एससी की दो सीटें कांग्रेस के हिस्से में आई। हालांकि तीन सीटों से कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़े उम्मीदवार भी जीतकर आए और बाद में कांग्रेस को ही समर्थन दिया। लेकिन इस बार इस जातिगत समीकरण के पैटर्न में कुछ बदलाव को लेकर कांग्रेस चर्चा कर रही है। कांग्रेस में अंदरखाने चर्चा है कि ब्राह्मणों को चार सीट देने के बाद भी मात्र एक सीट से जीत मिली इसकके चलते इस बार फेरबदल करना जरूरी है।

## सिविल लाइंस में परंपरा तोड़ने की कवायद

बात करें सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की तो यहां एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की परम्परा बनी हुई है। दो बार विधायक बन चुके प्रताप सिंह खाचरियावास सिविल लाइंस से ही दावेदारी कर रहे हैं लेकिन जातिगत समीकरणों के अनुसार आलाकमान टिकट तय करेगा। यहां पार्टी इस परंपरा को तोड़ने की कवायद में जुटी है। विद्याधर नगर, मालवीय नगर और सांगानेर से लगातार हार रही कांग्रेस की यहां इस बार भी नई रणनीति होगी। शहर की आठ सीटों में से तीन ब्राह्मण को देने के बाद भी एक सीट जीतने पर इस बार कांग्रेस कुछ नया प्रयोग करेगी। राजपूत सीट विद्याधर नगर से एक बार राजपूत और वैश्य वोटर्स को साधने के लिए कांग्रेस एक बार वैश्य को टिकट दे चुकी। वहीं मालवीय नगर और सांगानेर से लगातार ब्राह्मण को टिकट देने के बाद भी हार रही पार्टी इस बार विद्याधर नगर, मालवीय नगर, और सांगानेर सीट को साधने के लिए दो सीटों पर वैश्य और एक सीट पर ब्राह्मण पर दांव खेलना चाहती है। वहीं एससी रिजर्व सीट बगरू में एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की इस परम्परा को तोड़ने के लिए चेहरे में बदलाव कर सकती है।




## हवामहल में ब्राह्मण पर ही दांव !

जयपुर शहर की आठ विधानसभा सीटों की बात करें तो हवामहल विधानसभा सीट से कांग्रेस और भाजपा ब्राह्मण चेहरे को मैदान में उतार रही हैं और लगातार ब्राह्मण उम्मीदवार जीत रहा है। हवामहल के बीते तीन बार के नतीजों में 2008 में कांग्रेस के ब्रजकिशोर शर्मा, 2013 में भाजपा के सुरेंद्र पारीक और 2018 में कांग्रेस के महेश जोशी ने जीत हासिल की। ऐसे में ब्राह्मण सीट का ठप्पा लगा होने के कारण कांग्रेस इस बार भी ब्राह्मण पर दांव खेल सकती है। वहीं माइनॉरिटी बाहुल्य किशनपोल और आदर्श नगर दोनों विधानसभा सीटें फिलहाल कांग्रेस के खाते में हैं। लेकिन 2008, 2013 में लगातार भाजपा के मोहनलाल गुप्ता और अशोक परनामी ने जीत दर्ज की थी। 2018 के चुनावों में किशनपोल से कांग्रेस के उम्मीदवार अमीन कागजी 2013 में हारने के बाद जीतकर आए। वहीं आदर्श नगर से कांग्रेस ने पैराशूट उम्मीदवार रफीक खान ने लगातार जीत रहे अशोक परनामी को पटखनी दी। इस बार किशनपोल में माइनॉरिटी के वोट बढ़ने और अन्य सीट सिविल लाइन, विद्याधर नगर और सांगानेर में भी माइनोरिटी के वोट साधने के लिए कांग्रेस दो सीटों पर दांव खेल सकती है। हालांकि चेहरे को लेकर कांग्रेस अंदरखाने कई चर्चा कर रही है।



**बिहाइंड द कर्टेन**

# चने का झाड़, दिल में धुक धुक

टिकट कटे भाई लोगों के समर्थकों ने मिशन चने के झाड़ के तहत जाजम बिछाना शुरू कर दिया है। इसके लिए बाकायदा बड़ी बड़ी मीटिंगें कर समर्थकों को बुलाया जा रहा है। समर्थक भी टिकट कटने से परेशान भाइयों को जामवंत बन शक्तियां याद दिला रहे हैं। आर पार की लड़ाई की कसमें खा रहे हैं लेकिन टिकट गंवा चुके भाइयों के मन में पार्टी के डंडे के आगे धुक धुकी बनी हुई है। दोराहे पर खड़े ये भाई लोग समर्थकों के बीच तो जा रहे हैं, लेकिन कदम आगे कैसे बढ़ाएं इसको लेकर हैरान और परेशान हैं। जयपुर में फूल वाली पार्टी के दो दिग्गजों के टिकट कटे तो समर्थकों ने बखेड़ा खड़ा कर दिया। दोनों ही पार्टी के पुराने खिलाड़ी हैं। एक तो उसी सीट से पिछली बार ही निपट चुके हैं जिससे खुद को अजेय बता रहे हैं। वहीं दूसरी पर पार्टी के बुजुर्गों का आशीर्वाद बना हुआ था, इसके कारण टिकट कबाड़ने में कामयाब हो जाते थे। अबकी बार गुजराती जोड़ी ने टिकट दने के मामले में ऐसी मारकाट मचाई हुई है कि न तो बुजुर्गों के आशीर्वाद काम आ रहे हैं और ना ही धन-बल। अब बेचारे वो भाई जिनके टिकट कट चुके हैं, समर्थकों से बचकर अंडर ग्राउंड होने की तरकीब जुगाड़ रहे हैं। कई भाइयों ने पार्टी के बड़े नेताओं से अपने संपर्कों से कहलवाना शुरू कर दिया है कि कम से कम ये आश्वासन तो दो कि आगे देखेंगे। लेकिन फिलहाल यायावर को मिली खबर के अनुसार पार्टी किसी भी आश्वासन के के मूड में नहीं है।

■ यायावर

**ई वॉर**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

# टिकट से पहले हो परीक्षा, तभी होगा दूध का दूध पानी का पानी

**स्थान** टी-स्टॉल जेएनएन रोड, जयपुर | **समय** दोपहर 3:10 बजे

*अभी तो कोई हंगामा नहीं हुआ, थोड़ा सा रुको, इनकी बाकी लिस्टें आने दो फिर देखना कैसे सिर फूटते हैं इनके आपस में।" आचार संहिता लगने के बाद चुनावी घोषणाओं का दौर तो थम गया है लेकिन राजनीति का असली रंग खुलकर चारों ओर फैलने लगा है। भाजपा से कुछ उम्मीदवारों के फाइनल होते ही लोग बचे हुए उम्मीदवारों का अनुमान लगाने में जुट गए हैं। गांवों-शहरों में लोग अपने नए विधायक के कयास लगा रहे हैं। पार्टियां सही उम्मीदवारों के चयन के लिए मंथन कर रही हैं लेकिन पार्टियों जैसा ही गंभीर मंथन चौराहों, गलियों, सड़कों या बाजारों में गपशप के लिए जुटने वाले लोग भी कर रहे हैं। ऐसा ही नजारा दिखाई दिया जब हम इन मंडलियों में चल रही चर्चाओं की थाह लेने जेएलएन रोड पर स्थित एक चाय की थड़ी पर पहुंचे। वहां चाय पी रहे कुछ लोगों में से किसी ने जब टिकट ना मिलने वाले नेताओं के हंगामे की चर्चा छेड़ी तो सामने से आवाज आई-" ये तो हर बार का ही मैटर है। कोई पार्टी पीछे नहीं है। अभी तो दूसरी पार्टी की लिस्ट आने दो फिर देखना इनके नाटक।" सामने वाले ने हर चुनाव के इस बवाल पर मुहर लगाई तो तीसरे ने बात को आगे खींचा- "तो भाई पार्टियां भी गड़बड़ करती हैं। जो आदमी कई साल से काम कर रहा है उसका पत्ता काटकर नए ही आदमी को तिलक लगा देती हैं। अब असली जमीनी नेता का हक किसी पैराशूटर को परोस देंगे तो हंगामा तो होगा ही। पहले भी बागियों ने दोनों पार्टियों का खेल बिगाड़ा है।" इस तथ्य को आगे बढ़ाया गया तो चौथी आवाज आई- "मै तो कहता हूं टिकट बांटने से पहले नेताओं का भी एक लिखित एग्जाम और इंटरव्यू होना चाहिए। इनकी एक क्वालीफिकेशन तय होनी चाहिए। जो इन सब पर खरा उतरे उसे ही टिकट मिले। ऐसे ही होगा दूध का दूध पानी का पानी।" बात सही थी लेकिन आज के हालातों में इसे संभव नहीं माना जा सकता। कुल मिलाकर इस सटीक समाधान को मजाक मानकर पूरी थड़ी ठहाकों से गूंज उठी।*

■ नरेन्द्र शर्मा

**पॉली क्लिक्स**



आचार संहिता लागू होने के साथ ही शहर में सरकारी योजनाओं का प्रचार करने वाले पोस्टर बैनरों को हटाने का काम शुरू हो गया है। जो बैनर कल तक लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहे थे, अब कचरे की गाड़ियों में पड़े हैं। फिलहाल इनको हटाने का काम नगर निगम की ओर से युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।




**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# ऐसा प्रत्याशी जिसके चुनावी पोस्टर के सामने अगरबत्ती जलाती थी जनता




■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com


पूर्व राजा मानसिंह के बड़े भाई बृजेन्द्र सिंह पूर्व महाराजा भरतपुर पहली बार खुद चुनाव मैदान में उतरे थे। चुनाव था 1967 का लोकसभा चुनाव। वर्ष 1952 में उनके अनुज गिर्राजधरण सिंह उर्फ बच्चूसिंह ने भरतपुर से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर कांग्रेस प्रत्याशी बाबू राजबहादुर को हराया था। पेशे से वकील स्वतंत्रता सेनानी राजबहादुर को दौसा संसदीय क्षेत्र उपचुनाव से लोकसभा में प्रवेश का अवसर मिला। तब कांग्रेस के रामकरण जोशी दौसा से लोकसभा और विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने लोकसभा सीट छोड़ दी। बच्चू सिंह कुशल विमान चालक थे। वे भरतपुर के निकट मथुरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे और पहली कर छोटे विमान से चुनावी पर्चे उड़ाए गए। उनके पुत्र अरुण सिंह ने डीग विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।



इधर वर्ष 1967 में बदली राजनीतिक परिस्थितियों में बाबू राजबहादुर का पूर्व महाराजा बृजेन्द्र सिंह से मुकाबला था। इससे पहले के चुनावों में

सवाई बृजेन्द्र सिंह खुद बाबू राजबहादुर का खुला समर्थन करते थे। उनका यह मानना था कि भरतपुर क्षेत्र के विकास में बाबू राजबहादुर अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए उन्होंने चुनाव में अपने भाई का विरोध करने से गुरेज नहीं किया। लेकिन अब सवाई बृजेन्द्र सिंह अपने राजनैतिक मित्र के खिलाफ चुनाव लड़ने को राजी हो गए। उनकी उम्मीदवारी से जनता की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव चिन्ह के साथ उनके फोटो के साथ छापे गए रंगीन कैलेण्डर घर-घर में लगाने की होड़ थी। कई घरों में तो इन कैलेण्डरों के आगे अगरबती तक जलाई जाती थी। चुनाव सभाओं में भीड़ उमड़ पड़ती। बृजेन्द्र सिंह ब्रजभाषा में संक्षिप्त वाक्य बोलकर हाथ जोड़ लेते और जनता निहाल हो जाती कि महाराज के दर्शन हो गए। मतदान के बाद मतगणना की बारी आ गई।

वर्ष 1952 से चुनावी जीत दर्ज कर विधानसभा में प्रवेश करने वाले राजा मानसिंह ने मतगणना की बारीकी समझाते हुए महाराज साहब की जीत के प्रति आश्वस्त किया। यही नहीं उन्होंने मतदान के आधार पर विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लीड तथा पीछे रहने के अनुमानित आंकड़े बताते हुए 80 से 85 हजार मतों के अंतर से जीत की बात कही। परिणाम सही निकला। निर्दलीय सवाई बृजेन्द्रसिंह को 210966 तथा कांग्रेसी रामबहादुर को 115873 वोट मिले। जीत का अंतर 80093 रहा।

संयोगवश 1971 के लोकसभा चुनाव में दोनों उम्मीदवारों का पुनः मुकाबला था। पूरे देश में इंदिरा हराओ गरीबी हटाओ का नारा चरम पर था। इस बार बृजेन्द्र सिंह कांग्रेस प्रत्याशी राजबहादुर से पराजित गए। चुनाव के दौरान राजबहादुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बृजेन्द्र सिंह के लोकसभा कार्यकाल की आलोचना की। तब न्यूज एजेंसी समाचार भारती के संवाददाता के नाते इस लेखक ने सवाल दागा- आप तो भरतपुर ही नहीं भारत से बाहर चले गए, तब आप किस मुंह से चुनाव लड़ने आये हैं। ये तमतमाए, फिर सहज हुए। बोले- मुझे नेपाल राजदूत बनाकर भेजा गया था, वहां मैने देश सेवा की।

फिर संयोग। दोनों नेताओं ने अपने जीवन के आखिरी चुनाव भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से लड़े। बृजेन्द्र सिंह (जनसंघ) ने मध्य में त्यागपत्र दे दिया। दोनों के लिए यादगार रहे चुनाव।

### इजराइल पर आतंकी गुट हमास का हमला

# दुनिया के समक्ष एक और संकट



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

दुनिया अभी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच करीब 600 दिन से चल रहे युद्ध का हल तो ढूंढ ही नहीं पाई थी कि फिलिस्तीन के आतंकी समूह हमास ने इजराइल में घुसकर भीषण हमला बोल दिया। यह आतंकी हमला ठीक वैसा ही है, जैसा 9/11 को अमेरिका में जुड़वां इमरतों में घटित हुआ था। नागरिकों से क्रूरता के चरम बर्ताव किए गए। हमास ने इस हमले को 'अल-अक्सा बाढ' से संबोधित किया तो इजराइल ने इसे 'लोहे की तलवारें' (स्वॉड्स ऑफ आयरन) कहते हुए आतंकियों से प्रतिशोध लेना शुरू कर दिया है। आतंकी संगठन हमास ने एक साथ इजराइल पर हवाई, जमीनी और समुद्री सीमा से आधुनिकतम तकनीकों और हथियारों का इस्तेमाल करते हुए जंग छेड़ी हुई है। गाजा पट्टी से इजराइल पर 5000 रॉकेट दागे गए। सैकड़ों आतंकियों ने पैराग्लाइडर्स से कई शहरों में उतरकर हमला बोला। इस हमले में ज्यादातर आम नागरिक मारे गए। जिनमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं। आतंकियों ने हैवानियत की सभी सीमाएं तोड़ दी हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को भी नहीं बख्श रहे हैं। हमास और इजराइल के बीच 2001 से जंग चल रही है। जवाब में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध की घोषणा कर दी है। इजराइल ने आसमानी हमले से बचने के लिए इस्पाती छत्र (आयरन डोम) अमेरीका की तकनीकी मदद से बनाया हुआ था, लेकिन सॉफ्ट व हार्डवेयर अपडेट नहीं होने के कारण यह छत्र जवाबी हमले में नाकाम रहा है। इजराइल की खुफिया एजेंसियां भी इस हमले की खबर कानों-कान नहीं लग पाई।

इजराइल और फिलस्तीन के बीच यह युद्ध ऐसे समय छिड़ा है, जब दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध से परेशान तो है ही, उसका कोई समाधान भी नहीं खोज पाई है। नतीजतन युद्ध शरणार्थियों का संकट कई देशों को झेलना पड़ रहा है, वहीं अनाज, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी दवाओं की कमी से भी इन देशों को जूझना पड़ रहा है। बहरहाल विश्व शांति के लिए एक नया खतरा खड़ा हो गया है। इस खतरे में दुनिया दो भागों में बंटी जंग के पहले दिन से ही दिखाई देने लगी है। गोया, युद्ध की इस घड़ी में भारत, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन इजराइल के साथ खड़े है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि 'मैं इस हमसे से स्तब्ध हूं, हम इजराइल के साथ खड़े है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और मृतकों के परिवार के साथ है।

भारत का इजराइल के साथ खड़ा होना, इसलिए तर्किक है, क्योंकि यह हमला फिलस्तीन और इजराइल के बीच न होकर एक क्रूरतम आतंकवादी संगठन हमास द्वारा किया गया है। भारत आतंकवाद से तीन दशक से भी ज्यादा लंबे समय से जूझ रहा है, इसलिए आतंकी हमले की पीड़ा उससे ज्यादा कौन जान सकता है? दूसरी तरफ ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के सलाहकार ने फिलस्तीन और यरूशलम की आजादी तक फिलिस्तीन के लड़ाकों के साथ खड़े रहने की घोषणा की है। दरअसल ईरान को सऊदी अरब की इजराइल से बढ़ती निकटता खल रही है। इसीलिए उसने हमास को इजराइल पर बेवजह हमला बोलने को उकसाया है। हमास ने अरब और इस्लामी देशों से युद्ध में शामिल होने की आपील की है। हमास की इन ताकतों की मंशा है कि चूंकि अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश इजराइल के हिमायती रहे हैं, इसलिए इजराइल पर हमला कराकर इन देशों को परेशान किया जाए। अतएव लग रहा है कि एक बार फिर वैश्विक शक्तियां मुस्लिम-ईसाई-यहूदी समुदायों में बंटी दिखाई देंगी। संयुक्त राष्ट्र रूस-यूक्रेन युद्ध में जिस तरह से लाचार दिखाई दिया है, उसी तरह से इस जंग में भी दिखाई देगा। उसने हमास हमले की निंदा तो कर दी है, लेकिन युद्ध के हालातों में उसकी सुरक्षा परिषद शांति के कोई ठोस उपाय कर पाएगी, ऐसा कहना मुश्किल है? वैसे भी सुरक्षा परिषद 21वीं सदी के बीत चुके दो दशकों में कोई अह्म भूमिका नहीं निभा पाई है। इसीलिए नरेंद्र मोदी बार-बार इस संस्था को अप्रासंगिक कहते हुए इसके ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन की मांग लगातार उठा रहे हैं।

लंबे समय से चल रहे इस विवाद का कारण यरुशलम की अक्सा मस्जिद है। यहूदी और फिलिस्तीनी मुस्लिम दोनों ही इस पर अधिकार का दावा करते रहे हैं। मक्का और मदीना के बाद यह इस्लाम धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। संघर्ष के संकट को टालने के लिए सातवें दशक में दोनों देशों के बीच सहमति बनी थी कि गैर-मुस्लिम मस्जिद में प्रवेश तो कर सकेंगे, लेकिन इबादत की इजाजत नहीं होगी। यहूदी जब-जब प्रार्थना की कोशिश करते हैं, तब-तब जंग के हालात निर्मित हो जाते हैं, लेकिन इस बार हमास ने जिस तरह से एक साथ आसमानी, जमीनी और समुद्र से बड़ा हमला किया है, उस चुनौती ने इजराइल को सकते में डाल दिया है। पश्चिम एशियाई दृष्टि से भी देखें तो यह टकराव साधारण नहीं है। इसलिए दुनिया की निगाहें इजराइल पर टिक गई हैं कि वह इस चुनौती से कैसे निपटता है। हालांकि इजराइल ने इस क्रम में गाजा पट्टी पर मौजूद हमास के ठिकानों पर हवाई हमले करके उसे पूरी तरह नेस्तनाबूत करने का सिलसिला शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि इजराइल का डोम हमास के मिसाइल हमलों से कोई बचाव नहीं कर पाया और उसकी खुफिया एजेंसियों को इस हमले की भनक तक नहीं लगी। 2011 में अस्तित्व में आए जिस आयरन डोम पर इजराइल को सुरक्षित बने रहने का अभिमान था, उसके हार्डवेयर तब से अपडेट ही नहीं किए गए थे, लिहाजा वे सॉफ्टवेयर से जुड़कर कोई परिणाम नहीं दे पाए।

हालांकि इस्पाती छत्र ने अब जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। आतंकी गुट के कमांडर ने इजराइल में रह रहे अरबों से कहा है कि यदि आपके पास बंदूकें हैं, तो उन्हें बहार निकालो और चलाओ। इनके इस्तेमाल का यही सही समय है। इसीलिए गाजा पट्टी में आतंकियों को अरब नागरिकों का समर्थन मिलता दिखाई देने लगा है। आगे इजराइल के शहरों में अरब मूल के लोगों और यहूदियों के बीच हिंसक दंगे भी शुरू हो सकते हैं। इजराइल में 21 फीसदी आबादी अरब लोगों की है। अरबियों को आतंकवादी संगठन हमास न केवल उकसा रहा है, बल्कि उन्हें हिंसक हमले के औजार भी हासिल करा रहा है। दरअसल, फिलीस्तीन के इस्लामिक आतंकवादी संगठन 'हमास' एक सुन्नी मुस्लिमों का संगठन है। यह भी अन्य आतंकवादी संगठनों की तरह उन इस्लामी देशों का विरोधी है, जिनके कायदे-कानून शरीयत के अनुसार नहीं हैं। इस्लामी देशों की आंखों में इजराइल हमेशा खटकता रहा है। इजराइल एक यहूदी देश है। इजराइल और फिलिस्तीन दशकों से लड़ते चले आ रहे हैं। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदी नेजाद ने तो सार्वजनिक ऐलान किया था कि इजराइल को विश्व मानचित्र से समाप्त कर देना चाहिए। इजराइल 1948 में स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आया था। तभी से वह मध्य-पूर्व देशों में सक्रिय आतंकी संगठनों की मार झेल रहा है। इनमें हिजबुल्ला, इस्लामी जिहाद और हमास शामिल हैं। इजराइल और इन आतंकी संगठनों के बीच गाजा पट्टी पर संघर्ष जारी रहता है। यह पट्टी 30 मील लंबी और सात मील चैड़ी है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खुला गलियारा है। हमास फिलस्तीन और कतर समेत मध्य-पूर्व के अनेक देशों में सक्रिय है।

अमेरिका, इजराइल, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जापान और यूरोपियन यूनियन इसे आतंकी संगठन मानते हैं तो वहीं रूस, तुर्की, चीन, ईरान, दक्षिण अफ्रीका और कई अरब देश हमास को आतंकवादी संगठन नहीं मानते हैं। 1987 में यह संगठन अस्तित्व में आया था। इसे मिस्त्र के मुस्लिम ब्रदरहुड संगठन का ही हिस्सा माना जाता है। इसे आर्थिक मदद सऊदी अरब और ईरान से मिलती है। इजराइल और फिलस्तीन के बीच गाजापट्टी पर 2006 से यह जंग जारी है। इसे फिलस्तीन के गृहयुद्ध की भी संज्ञा दी जाती है। साफ है, आतंकवाद को लेकर दुनिया दो खेमों में बंटी हुई है। जो देश शांति की भूमिका रचने के पैरोकार बन रहे हैं, वहीं देश इन दोनों देशों को युद्ध की सामग्री बेचते हैं। साफ है, पेट्रोल से आग बुझाने का खेल खेला जा रहा है। इजराइल पश्चिम एशिया में अमेरिका का प्रतिनिधि देश है। इजराइल के जरिए ही इस क्शेत्र में अमेरिकी हितों की पूर्ति होती है। अमेरिका के दम पर ही इजराइल फिलस्तीन की सत्ता पर काबिज हमास का अस्तित्व समाप्त कर देने का दम भरता है। बहरहाल, इजराइल की कोशिश है कि इस बार वह ऐसा परिणाम दे कि दुनिया में फैले आतंकवादी संगठनों की कमर टूट जाए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



> *इजराइल और फिलस्तीन के बीच गाजापट्टी पर 2006 से यह जंग जारी है। इसे फिलस्तीन के गृहयुद्ध की भी संज्ञा दी जाती है। साफ है, आतंकवाद को लेकर दुनिया दो खेमों में बंटी हुई है। जो देश शांति की भूमिका रचने के पैरोकार बन रहे हैं, वहीं देश इन दोनों देशों को युद्ध की सामग्री बेचते हैं। साफ है, पेट्रोल से आग बुझाने का खेल खेला जा रहा है। इजराइल पश्चिम एशिया में अमेरिका का प्रतिनिधि देश है। इजराइल के जरिए ही इस क्शेत्र में अमेरिकी हितों की पूर्ति होती है। अमेरिका के दम पर ही इजराइल फिलस्तीन की सत्ता पर काबिज हमास का अस्तित्व समाप्त कर देने का दम भरता है।*

> *" भारत आतंकवाद से तीन दशक से भी ज्यादा लंबे समय से जूझ रहा है, इसलिए आतंकी हमले की पीड़ा उससे ज्यादा कौन जान सकता है? दूसरी तरफ ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के सलाहकार ने फिलस्तीन और यरूशलम की आजादी तक फिलिस्तीन के लड़ाकों के साथ खड़े रहने की घोषणा की है। दरअसल ईरान को सऊदी अरब की इजराइल से बढ़ती निकटता खल रही है। इसीलिए उसने हमास को इजराइल पर बेवजह हमला बोलने को उकसाया है। हमास ने अरब और इस्लामी देशों से युद्ध में शामिल होने की आपील की है। हमास की इन ताकतों की मंशा है कि चूंकि अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश इजराइल के हिमायती रहे हैं, इसलिए इजराइल पर हमला कराकर इन देशों को परेशान किया जाए। "*

**व्यंग्य**

## मैक्सिको में एलियन का कंकाल



राकेश सोहम
व्यंग्यकार

बतर्ज 'उसकी साड़ी मेरी साड़ी से सफेद कैसे', लोग गला काट प्रतिस्पर्धा में अंधाधुंध दौड़ रहे हैं। लोग ही क्यों शहर, जिला, प्रदेश, यहां तक कि देश भी पीछे नहीं रहना चाहते। पिछले दिनों मैक्सिको की संसद में एक कंकाल पेश किया गया। वहां के एलियन विशेषज्ञों ने दावा किया कि कंकाल दूसरे ग्रह से आए किसी एलियन का है। मैक्सिको की यह ताल ठोक उपलब्धि पड़ोसी देश अमेरिका को हज़म नहीं हुई।

वह एलियन पर केवल फिल्में ही बनाता रह गया और पड़ोसी मुल्क एलियन का कंकाल ही उठा लाया। यह भी हो सकता है कि कोई देश अपने कबाड़ खाने से लोहा-लंगड़ उठा लाए और यह दावा कर दे कि अवशेष उसी उड़न तश्तरी के हैं जिससे एलियन सबसे पहले उसकी धरती पर उतरा और बाद में जाकर मैक्सिको में मरा। अब ऐसे मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। कोई देश मंगल पर ऑक्सीजन की जुगाड़ में लगा है तो कोई चंद्रमा पर पानी की जुगाड़ में नाक ऊंची कर लेना चाहता है।

नजरें तो सूरज पर भी हैं, लेकिन सूरज को आंख दिखाकर शूरवीर साबित करने का जुगाड़ बैठ नहीं रही है। बहरहाल, संसद में प्रस्तुत कंकाल को देखकर सहज ही अनुमान लगाया गया कि वह किसी एलियन का ही है। उसके हाथों में तीन-तीन अंगुलियां थीं। सिर पीछे की तरफ बढ़ा हुआ था। छाती की पसलियां इतनी स्पष्ट थीं कि कोई छोटा बच्चा उनसे गिनती सीख ले। संसद सदस्यों ने मारे खुशी के तालियां पीटी। कुछ ने टेबल ठोकी। एक दो ने उत्साह में टेबल उठाकर पटक दी। वे ताल ठोकने लगे- अब हम मैक्सिको को पीछे छोड़ देंगे। यहां जो कंकाल मिला है वह हजार वर्ष पुराना नहीं, बल्कि हाल ही का ताजा-ताजा है। मैक्सिको में एलियन हजार वर्ष पहले आए होंगे, लेकिन हमारे यहां दो तीन साल पहले आए और मरे। 'एलियन विशेषज्ञों ने एक और खुलासा किया, ये तो एक ही कंकाल है जो हम संसद में लाए हैं। और भी कई कंकाल झुग्गी-झोपड़ियों के आस-पास मिलने की संभावना है।' असल में कंकाल एक झोपड़-पट्टी के नजदीक बरामद हुआ था। पीछे की ओर बढ़ा हुआ सिर और हाथों में तीन-तीन अंगुलियां देखकर विशेषज्ञ चौंके और उसे उठाकर सीधे संसद में ले आए। संसद में उत्सव का माहौल बन गया। कुछ सदस्य टेबल को ढोल-नगाड़े की भांति बजा रहे थे और लहराते हुए नागिन डांस करने लगे। इस उपलब्धि से चिढ़कर विपक्ष ने प्रश्नों के गोले दागे, ये हाल ही का कंकाल है। मतलब, हाल ही में एलियन यहां आए होंगे! मगर कैसे? उनका विशालकाय विमान कहां उतरा होगा? झुग्गी-झोपड़ियों के आस-पास तो इतनी जगह है नहीं। मान लो कहीं दूर खुले में विमान उतरा होगा, तब भी मरने के लिए कोई और जगह नहीं मिली गधों को। वे झुग्गी-झोपड़ियों के पास क्या कर रहे थे? एलियन की तुलना गधे से करने पर उत्पाती सदस्य रुष्ट हो गए। क्रोधावेश में जूते उठा लिए।

जब फोटो खिंचने लगी तो मामला शांत हो गया। सभी कंकाल के साथ फोटो खिंचवाने के लिए उतावले हो गए। सोशल मीडिया प्रेमियों ने कंकाल के गले में हाथ डालकर सेल्फी ले डाली। यह उपलब्धि अखबारों की सुर्खी बन गया। जहां कंकाल मिला था उसी के नज़दीक एक झोपड़ी में बैठा गरीब परिवार उस कंकाल को पहचानता था। जीवित अवस्था में वह परिवार का भरण-पोषण करता था। मंहगाई को झेलते हुए उसके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया था। भेजा सिर के पीछे की ओर लटक गया था।

कड़ी मेहनत से हाथ जवाब दे गए थे। तर्जनी और अंगूठा घायल होकर लटक गए थे। कोरोना से मरते वक्त उसके दोनों हाथों में तीन-तीन अंगुलियां ही बची थीं।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
पार्वती कुंड और गुंजी में सेना, बीआरओ और आईटीबीपी के समर्पित कर्मियों से बातचीत की। उनकी भावना और सम्पूर्ण पूरे देश को प्रेरित करता है।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री, दिल्ली
@ArvindKejriwal
ट्रेन हादसों को रोकने के लिए केंद्र सरकार को सतर्क होना होगा, बार-बार ऐसे बड़े हादसे होना चिंताजनक है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
संपूर्ण मानव तंत्र बहुत शानदार है। यदि आप इसे अपने लिए काम में लाते हैं, तो यह चमत्कार करेगा। हम आपको ऐसे उपकरण दे सकते हैं जिससे यह आपके लिए काम करे, आपके विरुद्ध नहीं।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
चापलूसी करने वाले लोग मौका पाते ही ऐसा घात करते हैं, कि आपके पैरों तले की जमीन खिसक जाती है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अति परिचयात अवज्ञा
सतत गमनात अनादरः भवति !
मलये भिल्ली पुरन्ध्री
चन्दन तरुकाष्ठ इन्धनम् कुरुते !


### नॉलेज कॉर्नर: अधिकतम 16 उम्मीदवारों और 3840 मतों को किया जाता है रिकॉर्ड

# एमबी हनीफा ने किया ईवीएम का आविष्कार

देश के पांच राज्यों में नवम्बर में चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। चुनावो में मतदाता एक मशीन ईवीएम से वोट डालेंगे। लेकिन अधिकतर लोग इस मशीन के बारे में नहीं जानते हैं। ईवीएम का पूरा नाम है इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन। पुरानी कागजी मतपत्र प्रणाली की तुलना में ईवीएम के द्वारा वोट डालने और परिणामों की घोषणा करने में कम समय लगता है। लेकिन ईवीएम के प्रयोग को लेकर भारत के राजनीतिक दलों में एकमत नहीं है। देश में अधिकतर दल चाहते हैं कि लोक सभा और विधानसभा चुनाव मतदान पत्रों के आधार पर कराये जाएँ। आइये हम इस नॉलेज कॉर्नर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन बारे में अधिक जानकारी पढ़ते है ...

### महत्वपूर्ण दो भाग

एक ईवीएम में दो भाग होते हैं- नियंत्रण इकाई और मतदान इकाई। दोनों भाग एक पांच मीटर लंबे केबल से जुड़े होते हैं। नियंत्रण इकाई, "पीठासीन अधिकारी" या "मतदान अधिकारी" के पास रहता है जबकि मतदान इकाई को मतदान कक्ष के अंदर रखा जाता है। मतदाता को मतपत्र जारी करने के बजाय नियंत्रण इकाई के पास बैठा अधिकारी मतदान बटन को दबाता है। जिसके बाद मतदाता "मतदान इकाई" पर अपने पसन्द के उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के सामने अंकित नीले बटन को दबाकर मतदान करता है। एक ईवीएम में अधिकतम 3840 मतों को रिकॉर्ड किया जा सकता है और एक ईवीएम में अधिकतम 64 उम्मीदवारों के नाम अंकित किए जा सकते हैं। एक "मतदान इकाई" (Ballot Unit) में 16 उम्मीदवारों का नाम अंकित रहता है और एक ईवीएम में ऐसे 4 इकाइयों को जोड़ा जा सकता है। यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में 64 से अधिक उम्मीदवार होते हैं तो मतदान के लिए पारंपरिक "मतपत्र या बॉक्स विधि" का प्रयोग किया जाता है।



### ईवीएम के प्रकार

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1989 में "इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड" के सहयोग से भारत में ईवीएम बनाने की शुरूआत की गई थी। ईवीएम के औद्योगिक डिजाइनर "औद्योगिक डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे" के संकाय सदस्य थे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें तीन प्रकार की M1, M2 और M3 हैं। सबसे आधुनिक M3 ईवीएम, जो 2013 में इसकी शुरुआत के बाद से उपयोग में हैं, पीएसयू परिसर में ही चिप्स में मशीन कोड लिखने की अनुमति देता है। एम 3 ईवीएम में प्रत्येक मशीन में डिजिटल सत्यापन प्रणाली कोडित है जो इसकी दो घटक इकाइयों के बीच संपर्क स्थापित करने के लिए आवश्यक है। यह सुनिश्चित करने के लिए सील की कई परतें हैं कि यह छेड़छाड़-प्रूफ है। भारतीय ईवीएम गैर-नेटवर्क मशीन हैं।

### 1982 में हुआ था पहला प्रयोग

*पहले भारतीय ईवीएम का आविष्कार 1980 में एमबी हनीफा के द्वारा किया गया था, जिसे उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक संचालित मतगणना मशीन के नाम से 15 अक्टूबर 1980 को पंजीकृत करवाया था। भारत में ईवीएम का उपयोग पहली बार वर्ष 1982 में केरल के (70) परूर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था।*


कंटेंट: श्रवण भाटी

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने अजित पवार पर कसा तंज**

# चाचा ने कर दी भतीजे पर भविष्यवाणी, कभी नहीं बन पाएंगे सीएम

एजेंसी | अकोला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने गुरुवार को अपने भतीजे अजित पवार पर तीखा तंज कसते हुए कि उनकी महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा सिर्फ एक 'सपना' बनकर रह जाएगी। शरद पवार ने अपने भतीजे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अजित पवार का सीएम बनना महज एक सपना है, हकीकत में ऐसा कभी नहीं होगा। एनसीपी से अलग हुए अजित पवार वर्तमान में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम हैं। एनसीपी पर हक को लेकर इन दिनों शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के



बीच छिड़ी लड़ाई फिलहाल चुनाव आयोग के दरबार में हैं। आयोग में अजित पवार गुट ने कहा था कि शरद पवार अकेले ही पार्टी को चलाना चाहते हैं, जो गलत है। इस बीच शरद पवार ने अपने भतीजे पर तीखा तंज कसते हुए भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि अजित पवार कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे और उनका सपना सच नहीं हो पाएगा। दरअसल सुप्रिया सुले ने कहा था कि यदि अजित पवार 5 साल के लिए मुख्यमंत्री बने तो वह सबसे पहले उनका स्वागत और सम्मान करेंगी। इस बारे में जब शरद पवार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह एक सपना है। ऐसा कभी नहीं होने वाला है। यह पहला मौका है, जब शरद पवार ने जुलाई के बाद से अब तक खुलकर अजित पवार पर हमला बोला है। अजित पवार ने इसी साल जुलाई महीने में चाचा से बगावत कर ली थी और बड़ी संख्या में विधायकों को लेकर एकनाथ शिंदे सरकार का हिस्सा बन गए थे। फिलहाल वह इस सरकार में डिप्टी सीएम हैं, लेकिन उनके समर्थक असर उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग करते रहे हैं। ऐसे में शरद पवार की टिप्पणी अहम है।

### इन शहरों में लगे अजित के पोस्टर

दरअसल, हाल के दिनों में अक्सर मुंबई, पुणे, नागपुर और अन्य जगहों पर अजित पवार को 'भविष्य का सीएम' घोषित करने वाले बैनर और पोस्टर लगाए गए हैं। अजित पवार गुट की ओर से अभी तक बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भले ही एनसीपी के दोनों समूह शरद पवार द्वारा स्थापित 25 साल पुरानी पार्टी पर नियंत्रण के लिए चुनाव आयोग के समक्ष कानूनी लड़ाई में लगे हुए हैं।

### पवार ने यह कही थी बात

इसके बाद, कुछ मौकों पर अजित पवार ने यह कहते हुए व्यावहारिक रुख भी अपनाया कि यह तभी संभव होगा जब वह सीएम पद का दावा करने के लिए जादुई 'संख्या के खेल' (समर्थक विधायकों) पर खरे उतरेंगे। हालांकि, शरद पवार का ताजा बयान उनके भतीजे की महत्वाकांक्षाओं और उनके कट्टर समर्थकों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। क्योंकि उनके कट्टर समर्थक भी उन्हें अगला नहीं तो भावी मुख्यमंत्री बनाने की वकालत कर रहे हैं।

---

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई टल गई। इस केस के सुनवाई करने वाले जज जस्टिस संजीव खन्ना किसी और मामले की सुनवाई में बिजी थे। हालांकि, अभी तक यह नहीं बताया कि अब सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई कब होगी। इससे पहले 5 अक्टूबर को कोर्ट ने जांच एजेंसी ईडी से पूछा था कि आखिर सिसोदिया के खिलाफ सबूत कहां हैं? सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने ED से कहा था- सबूतों की कड़ी एक-दूसरे से नहीं जुड़ रही है। आपकी दलीलें अनुमान पर आधारित हैं, जबकि यह सबूतों पर आधारित होनी चाहिए।

### दो गांवों में चुनाव बहिष्कार करने की घोषणा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के दो गांवों के निवासियों ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा की है। क्षेत्र में विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने यह फैसला किया है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के केराकछार ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव सरडीह और बगधरीडांड के निवासियों ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा की है। इन गांव के ज्यादातर निवासी पहाड़ी कोरवा आदिवासी हैं। पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) से हैं। रामपुर से मौजूदा समय में भाजपा के सीनियर लीडर ननकी राम कंवर विधायक हैं।

---


**वन नेशन-वन इलेक्शन पर बोले पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी...**

# 'एक साथ चुनाव कराने पर न बने सहमति तो लोगों पर नहीं थोपें'

एजेंसी | नई दिल्ली

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने वन नेशन-वन इलेक्शन पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर एक साथ चुनाव कराने पर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वसम्मति नहीं बनती है तो इसे लोगों पर थोपा नहीं जाना चाहिए। कुरैशी ने यह भी उम्मीद जताई कि वर्तमान चुनाव आयुक्त आगामी चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करेंगे।

एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावनाएं तलाशे जाने के बीच अपनी नई किताब 'इंडियाज एक्सपेरिमेंट विद डेमोक्रेसीः द लाइफ ऑफ ए नेशन थ्रू इट्स इलेक्शन्स' पर कुरैशी ने कहा कि कोई पार्टियों द्वारा मुफ्त की सौगातों का वादा करने में कानूनी तौर पर खामी नहीं तलाश सकता। साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी इस प्रथा को खत्म नहीं करा सका। बताया जा रहा है कि कुरैशी की किताब भारत में चुनावों के इतिहास, प्रक्रियाओं और राजनीति पर गहराई से प्रकाश डालती है।



### चुनावी बांड पर साधा निशाना

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने राजनीतिक फंडिंग के साधन के रूप में चुनावी बांड के इस्तेमाल किए जाने पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि इसने धन देने की पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह गैर पारदर्शी बना दिया है। कुरैशी ने कहा कि साल 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अपने पहले भाषण में कहा था कि जब तक दलों को धन देने की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होगी, तब तक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हैं। यह बिल्कुल सही बात है। हम भी यही कहते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेटली की एक और बात सही थी कि पिछले 70 वर्षों में पार्टियों को धन देने में पारदर्शिता नहीं ला पाए। जुलाई 2010 से जून 2012 तक देश के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे कुरैशी ने कहा कि मैंने सोचा था जेटली आगे यह कहेंगे की हम पारदर्शिता लागू करने जा रहे, लेकिन उन्होंने चुनावी बांड पेश करके थोड़ी बहुत बची पारदर्शिता भी खत्म कर दी।

### चुनावों में मुफ्त की सौगातों को सुप्रीम कोर्ट भी नहीं करा सका खत्म

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले मुफ्त सुविधाएं देने की भाजपा और विपक्ष के बीच तीखी प्रतिस्पर्धा के बीच, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने कहा कि चुनावी रियायतें देना कानूनी रूप से एक वैध गतिविधि है और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी इसे खत्म नहीं कर सकता है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मुफ्त का मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी गया था, जो इसे अवैध घोषित कर सकता था। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। अदालत इसे भ्रष्ट आचरण कह सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। कानूनी तौर पर मुफ्त चीजें और गारंटी देना एक वैध राजनीतिक गतिविधि है और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी इसे खत्म नहीं कर सकता है। कुरैशी का बयान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहारों की घोषणा "लोकलुभावनवाद के तड़के" के साथ की जाती है। पिछले हफ्ते, शीर्ष अदालत ने चुनाव वाले मध्य प्रदेश और राजस्थान से उस याचिका पर जवाब मांगा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि चुनाव पूर्व मुफ्त चीजें राज्य के राजस्व से ऐसे समय में वितरित की जा रही हैं जब राज्य भारी कर्ज से जूझ रहे थे।

---

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले...**

# 'INDIA गठबंधन में सीटों को लेकर नहीं होगा कोई मतभेद'

एजेंसी | कानपुर

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार को कानपुर देहात पहुंचे। इस दौरान उनसे पत्रकारों ने पूछा कि यूपी में इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ने की स्थिति में समाजवादी पार्टी लोकसभा की कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस पर अखिलेश ने कहा कि गठबंधन में सीटों को लेकर किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं होगा।

अखिलेश यादव ने अपने कानपुर देहात दौरे पर जिला पंचायत सदस्य अंकित यादव के घर पहुंचे और उनके माता-पिता को श्रद्धांजलि दी। अखिलेश यादव ने कहा कि इस गठबंधन में हम सब ईमानदारी से लड़ेंगे। इस गठबंधन में सीटों को लेकर किसी भी प्रकार का कोई मतभेद नहीं होगा। लोकसभा चुनाव में बीजेपी 80 की 80 सीट हारेगी। यादव ने कहा कि गठबंधन में सभी दलों ने अपना मन बना लिया और जनता ने भी इंडिया गठबंधन के लिए मन बना लिया है।



### कन्नौज सीट के लिए किया यह दावा

अखिलेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन 2024 में बीजेपी के सामने ऐसा दांव लगाएगा कि उसे उठने नहीं देगा, बिल्कुल चित्त कर देगा। गठबंधन का चरखा दांव बीजेपी को समझ नहीं आ रहा कि हम किस दिशा में जाएं। कन्नौज लोकसभा को लेकर अखिलेश ने कहा की उसे हम जोरदार तरीके से जीतेंगे।

### पीएम का चेहरा बड़ी बात नहीं

गठबंधन में पीएम का चेहरा कौन होगा, इस सवाल पर अखिलेश ने कहा कि पीएम का चेहरा बड़ी बात नहीं है, लेकिन बीजेपी का पीएम इस बार नहीं बनेगा। अखिलेश ने जाति जनगणना की भी मांग की। साथ ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी।

---

**तेजस्वी यादव की मौजूदगी में हुआ RJD में LJD का विलय**

# राजद का विस्तार अब केरल तक...

एजेंसी | पटना

केरल के कोझिकोड में राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की मौजूदगी में लालू यादव जिंदाबाद के नारों के बीच दो बार विधायक रह चुके एमवी श्रेयम्स कुमार की अगुवाई वाली पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल (एलजेडी) का आरजेडी में विलय पूरा हो गया। आरजेडी में एलजेडी के विलय से लालू की पार्टी को केरल विधानसभा में एक विधायक केपी मोहनन भी मिल गए जो एलजेडी के एमएलए हैं और पहले मंत्री रह चुके



हैं। एमवी श्रेयम्स कुमार की अगुवाई वाली एलजेडी केरल की राजनीति में सीपीएम की अगुवाई वाली लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) का हिस्सा रही है। जेडीयू से निकलने के बाद शरद यादव ने 2018 में एलजेडी की स्थापना की थी और 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर इसका विलय लालू की राजद के साथ कर दिया था।

### जयशंकर की बढ़ाई गई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा को 'वाई' श्रेणी से बढ़ाकर 'जेड' कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंटेलिजेंस ब्यूरो की थ्रेट एनालिसिस रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह निर्णय लिया। आईबी की रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने का निर्देश दिया है। इससे पहले दिल्ली पुलिस भारतीय विदेश मंत्री को सुरक्षा कवर देती थी।

**मध्यप्रदेश में सूची जारी होने के बाद नहीं थम रहा विवाद**

# भाजपा में मुखर होने लगा विरोध

एजेंसी | कटनी

मध्यप्रदेश में जब से बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी की है, तभी से विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। लिस्ट जारी होने के बाद से ही बुंदेलखंड अंचल में इस्तीफों दौर चल रहा है। अब इसके बाद पार्टी को महाकौशल में बड़ा झटका लगा है।

दरअसल बीजेपी की चौथी लिस्ट में मौजूदा विधायक संदीप जायसवाल को कटनी मुड़वारा विधानसभा से प्रत्याशी घोषित



किया गया है। संदीप जायसवाल को फिर से टिकट देकर प्रत्याशी बनाए जाने पर विरोध का लगातार जारी है। विनय ज्योति दीक्षित निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कह चुकी हैं, अब समाजसेवी और दिग्गज नेताओं में शुमार संतोष शुक्ला ने निर्दलीय और कांग्रेस से चुनाव लड़ने की बात कही है। संतोष शुक्ला कांग्रेस और भाजपा से अलग-अलग क्षेत्र से चार बार पार्षद रह चुके हैं, वहीं पिछले पंचवर्षी नगर निगम अध्यक्ष के पद में भी रह चुके थे। बावजूद इसके पार्टी से बगावत की बात करते नजर आ रहे हैं। शुक्ला ने बताया कि संदीप जायसवाल द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के बावजूद उन्हें टिकट दे दिया।

---

**एमपी की आदिवासी बहुल सीट मंडला में कांग्रेस महासचिव की सभा**

# प्रियंका ने शिवराज पर साधा निशाना, कहा 'BJP ने हर चीज छीन ली...'

एजेंसी | मंडला

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम के बाद कांग्रेस मिशन मोड में है। राहुल गांधी के दौरे के बाद आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी मध्य प्रदेश के मंडला पहुंची है। प्रियंका ने यहां कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा को संबोधित करते हुए सूबे की शिवराज सरकार पर जमकर हमला बोला।

भाषण के दौरान उन्होंने अपनी दादी इंदिरा गांधी को भी याद किया। कार्यक्रम से पहले प्रियंका ने मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रियंका ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये महाकौशल की भूमि है। प्रियंका गांधी ने शिवराज सरकार को घेरते हुए कहा कि लोग



रोजगार के लिए राज्य छोड़ रहे हैं और वे यहां आपके लिए रोजगार के अवसर पैदा नहीं कर रहे हैं। भाजपा 18 साल से सत्ता में है, लेकिन रोजगार के अवसर नहीं मिले हैं। वे केवल लूट में व्यस्त हैं और हर जगह घोटाले हैं। वे चुनाव के समय भटकाने वाले मुद्दों को लाते हैं और लोगों के इमोशन से खेलते हैं। प्रियंका ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा शासन के लगभग 225 महीनों में मध्य प्रदेश में 250 से अधिक घोटाले हुए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने लूट का पूरा सिस्टम बना रखा है। प्रियंका ने मंच से ऐलान किया कि कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इसके अलावा 12वीं तक के बच्चों को 500 से 1500 रुपए तक की राशि भी दी जाएगी।

### आदिवासी लोगों को मिलने चाहिए उनके अधिकार

आदिवासी और OBC वोटर्स बहुल सीट मंडला में प्रियंका ने कहा कि लोगों को उनका अधिकार मिलना चाहिए। प्रियंका ने कहा कि यही कांग्रेस पार्टी की परंपरा और सिद्धांत रहा है। हम चाहते हैं कि देश की, प्रदेश की, आपके जिले की संपत्ति आपके हाथ में हो। हम चाहते हैं कि आप मजबूत बनें और आपको शक्ति मिले। कोई दूसरी पार्टी या भाजपा क्या आपकी शक्ति आपके हाथों में देंगे?"

### प्रियंका पहले मुस्कुराईं... और फिर मार दी आंख

अपने संबोधन के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर सरकार आएगी तो तेंदूपत्ता के लिए 4000 रुपए आपको दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरह यहां भी पेसा कानून लागू करेंगे। उन्होंने शिवराज सरकार का नाम लिए बिना कहा कि मंडला-जबलपुर रोड 10 साल से बन रही है। पहले 4 लेन की बन रही थी, अब 2 लेन की बन रही है, लेकिन बना नहीं पाए। सभा के दौरान एक मजेदार वाकया देखने को मिला। प्रियंका बोल ही रही थीं कि एक उत्साहित लड़के ने चिल्लाया, 'वो भी ढंग से नहीं बनी'। ये बात सुनकर प्रियंका मुस्कुराए बिना नहीं रह सकीं और आंख मारते हुए बोलीं 'आप आ जाइए न मंच पे'... इसके बाद सभा में काफी देर तक ठहाके लगते रहे। बाद में प्रियंका बोलीं 'मुझे बताते रहिएगा'।

### क्या पीएफआई की समर्थक है कांग्रेस: सीएम शिवराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की आलोचना की है। साथ ही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से पूछा है कि क्या वो दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रियंका गांधी से एक सवाल पूछना चाहता हूं। आपकी पार्टी के नेता दिग्विजय सिंह पीएफआई पर कार्रवाई के खिलाफ हैं। पीएफआई आतंकी फंडिंग करता है और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है। इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है। ये संगठन देश का दुश्मन है। इसके खिलाफ कार्रवाई होती है तो दिग्विजय सिंह विरोध करते हैं, क्या यही कांग्रेस का स्टैंड है?'

# पीएम मोदी ने किए आदि कैलाश के विराट दर्शन

- उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- पार्वती कुंड में पूजा अर्चना के बाद बजाया डमरू
- पिथौरागढ़ को दी 4,200 करोड़ रुपए की सौगात





**पिथौरागढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने पार्वती कुंड में पूजा अर्चना की। इस दौरान पीएम मोदी डमरू और घंटा बजाते भी नजर आए। पीएम मोदी पिथौरागढ़ के ज्योलिंकांग पहुंचे। उन्होंने आदि कैलाश का दर्शन किया। पार्वती कुंड में पूजा अर्चना की। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी गूंजी गांव पहुंचे। वहां स्थानीय लोगों ने पारंपरिक तरीके से पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने यहां पर सैनिकों से भी मुलाकात की। पीएम ने सेना, आईटीबीपी और बीआरओ कर्मियों के साथ बातचीत की। उनसे सीमा के हालात पर चर्चा की। उनके साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।





### विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में चार हजार दो सौ करोड़ रुपए मूल्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह दशक उत्तराखंड का होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और उनकी सरकार इसी संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जब विश्व के सामने कई गंभीर चुनौतियां हैं, तब भारत पूरी दृढता के साथ खड़ा है और देश की आवाज दिन-प्रति-दिन मजबूत हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।



### पीएम मोदी आज शिखर सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नई दिल्ली में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी के व्यापक ढांचे के तहत भारत की संसद द्वारा यशोभूमि में शिखर सम्मेलन की मेजबानी की जा रही है। भारत की G20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' है। इस कार्यक्रम में G20 सदस्यों और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भाग लेंगे। इस दो दिवसीय वैश्विक कार्यक्रम के दौरान 25 अध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष सहित 50 सांसद तथा अन्य लोग हिस्सा लेंगे। अफ्रीकी संसद भी पहली बार भारत में जी-20 कार्यक्रम में भाग लेगी।

### बाबा मस्तनाथ मठ मेले में पहुंचे सीएम योगी ने कहा...

# 'दुनिया में वैदिक सनातन धर्म ही है शांति की गारंटी'

**एजेंसी** | रोहतक

हरियाणा के रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की स्मृति में शंखढाल व मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा मस्तनाथ मठ में देशमेले के दूसरे दिन मेले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, रामदेव समेत अनेक दिग्गज पहुंचे। बाबा मस्तनाथ मठ आठवें भंडारे में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ स्टेज पर पहुंचे और बाबा बालक नाथ से आशीर्वाद लिया।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संत शक्ति कभी पलायन नहीं करती, वह चुनौतियों से जूझने का जज्बा रखती है। विपरीत परिस्थितयों में धैर्य खोए बिना कार्य करना अनिवार्य होता है। क्योंकि इसका मूल उद्देश्य लोक




कल्याण, सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करना और राष्ट्र कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया की एक बड़ी आबादी मौलिक अधिकारों के साथ जी रही है।

आज भारत मजबूती से एक श्रेष्ठ भारत के रूप में स्वयं को साबित कर रहा है। जन जागरण, सनातन धर्म के लिए यहां के संत समर्पित हैं। अलग-अलग पंत से होने के बावजूद सभी एक हैं, यही सनातन है। बाबा मस्तनाथ मठ पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए सीएम उत्तर प्रदेश ने बालकनाथ योगी को साधुवाद दिया और कहा कि नाथ संप्रदाय भारत की सनातन धर्म की सफलता का वाहक है। सभी संत, पंत, संप्रदाय, सत्य और सनातन धर्म की पुर्नस्थापना के लिए एक जुट होकर मजबूती से कार्य कर रहे हैं। इसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का प्रमुख योगदान है। अयोध्या में राममंदिर निर्माण को लेकर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ पलायन कर गए, वह भूलकर भी इसका नाम नहीं लेना चाहते थे, लेकिन जिनको सनातन धर्म की परंपरा पर विश्वास था और मानते थे कि कर्म करना हमारा कार्य है, परिणाम तो विधाता देंगे ही। वह अडिग रहे, इसमें कोई संशय भी नहीं होना चाहिए था।

### PAYTM पर 5 करोड़ 39 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.39 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना केवाईसी, साइबर सिक्योरिटीज आदि से संबंधित दिशा-निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने बताया कि यह कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों के विश्लेषण के आधार पर की गई थी। इस बीच, गुरुवार के दिन पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयर में 1.47% की गिरावट आई और भाव 957.60 रुपए पर बंद हुआ। आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका मकसद बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा कि यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(i) के साथ पठित धारा 47 ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत की गई है। इसमें आरबीआई को कार्रवाई का अधिकार है।

### 26 वीक प्रेग्नेंसी टर्मिनेशन केस में टिप्पणी

# हम किसी बच्चे को नहीं मार सकते: SC



**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने पर विचार के लिए एक दिन का वक्त दिया है। गर्भपात को मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर गुरुवार को सुनवाई हुई।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि वह महिला की ऑटोनॉमी की जरूरत समझते हैं। सीजेआई ने महिला से पूछा कि आप नहीं चाहते कि भ्रूण का दिल रोका जाए। यदि आप आज 26 सप्ताह की गर्भकालीन अवधि में बच्चे को जन्म देती हैं, तो बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से असामान्य होगा। तो क्या आप 2 सप्ताह तक इंतजार करने के बजाय असामान्य बच्चे को पसंद करेंगे? जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि गर्भ में भ्रूण बेहतर तरीके से जीवित रहेगा। वह प्रकृति है!

आपका मुवक्किल चाहता है कि आज मुझे राहत मिले, लेकिन आपका मुवक्किल यह भी कहता है कि दिल मत रोको। भ्रूण को मत मारो। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हम आज भ्रूण को बाहर निकालेंगे तो वह विकृतियों के साथ बड़ा होगा। अदालत ने सुनवाई शुक्रवार सुबह 10:30 बजे के लिए स्थगित कर दी।

### 'ऑपरेशन अजय'

# आज इजराइल में फंसे भारतीयों को लेकर आएगा विशेष चार्टर विमान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इजरायल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए मोदी सरकार ने 'ऑपरेशन अजय' लॉन्च किया है। सरकार ने उन भारतीयों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया है, जो घर वापस आना चाहते हैं। इजरायल से पहला विमान भारतीयों को लेकर शुक्रवार को यहां आएगा। सरकार इन यात्रियों से कोई किराया भी नहीं ले रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ऑपरेशन अजय के अंतर्गत भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए एक चार्टर उड़ान आज इजराइल के तेल अवीव पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा



कि कल सुबह भारत पहुंचने वाली उड़ान में 2 सौ 30 यात्रियों के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत इजराइल की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। बागची ने इजराइल में सभी भारतीयों से वहां के दूतावास में पंजीकरण कराने का अनुरोध किया है। बागची ने कहा कि इजराइल में 18 हजार भारतीय नागरिक हैं, जिनमें छात्र भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों को वापस लाने में भारतीय वायु सेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। बागची ने कहा कि भारत ने हमेशा इजराइल के साथ शांति से सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर रहने वाले एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राज्य की स्थापना के लिए सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की वकालत की है।

### 'इजराइल में 18 हजार भारतीय'

जयशंकर की घोषणा के तुरंत बाद इजराइल में भारतीय दूतावास ने कहा कि विशेष उड़ान से आने वाले भारतीय नागरिकों की पहली खेप की सूची ई-मेल कर दी गई है। अन्य लोगों के बारे में जल्द ही अगली उड़ानों के लिए सूची भेजे जाएंगे। अनुमान के मुताबिक, इस समय इजराइल में करीब 18,000 भारतीय रह रहे हैं।

### नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

भारत ने पहले अपने नागरिकों को लेकर गाइडलाइन जारी की। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 'ऑपरेशन अजय' शुरू करने की घोषणा की। विदेश मंत्री ने कहा विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### भारत ने जारी की हेल्पलाइन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ पश्चिम एशिया में 'संकट' पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया और यूएई के विदेश मंत्री एबी जायद से बात की। पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने इजरायल और फिलिस्तीन की स्थिति पर नजर रखने और जानकारी-मदद के लिए दिल्ली में 24 घंटे चलने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापति किया है। इसके अलावा तेल अवीव और रामल्ला में अलग इमरजेंसी हेल्पलाइन जारी किए हैं।

### नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

वहीं, इजराइल में भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। इजराइल में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का अनुरोध किया जाता है।

## रवींद्र मंच पर हीरक जयंती सीरीज में खेले गए नाटक में कलाकारों ने दिए मैसेज

# 'टीन टप्पर' में सरकार की बेरुखी

**बेधड़क.जयपुर।** आजादी मिले 75 साल से अधिक हो गए हैं, लेकिन आज तक करोड़ों लोग घर का ख्वाब लिए ही दुनिया को अलविदा कह गए। एक और जो जमीनों के कारोबार में राजनेताओं व रसूखदारों की साठ-गांठ ने भू-माफियाओं को पैदा किया, वहीं दूसरी और नई नीतियों के कारण किसानों व आदिवासियों तक को उनकी जमीनों से बेदखल कर उन्हें सरकार ही धन्ना सेठों को बेच रही है। इन सभी नीतियों और भू-माफियाओं के आपसी घालमेल के कारण आम आदमी के लिए अपना घर बनाना महज ख्वाब बनकर रह गया है। कहानी को कलाकारों ने मंच पर बेखूबी निभाया। मौका था रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह पर कला साहित्य संस्कृति व पुरातत्व विभागव रवींद्र मंच की टैगोर योजना में नाटक 'टीन टप्पर' का। नाग बोडस द्वारा लिखित नाटक कई मैसेज दे गया, जिसमें कलाकारों ने जीवंत अभिनय किया।





### जरूरतमंदों का दुख किया बयां

टीन-टप्पर उन गरीबों और मेहनतकशों की दास्तान को बयां करता है, जो छोटे-मोटे काम कर जिंदगी गुजारते हैं। थोड़े से जमीन के टुकड़े पर मिट्टी की दीवारों पर घास-फूस व टीन की छत डालकर उसके नीचे रातें गुजारते हैं। सरकार द्वारा दिए जाने वाले आवश्यक सहूलियतों के नहीं मिलने के बावजूद ये दुनिया में मस्त अपनी जिंदगी हंसी-खुशी गुजारते हैं। अचानक एक दिन इनकी ये हंसी-खुशी आसुओं और चीख-पुकार में तब्दील हो जाती है। जब इनको पता चलता है, कि उनके टीन-टप्परों को तहस-नहस कर और उन्हें बेदखल कर वहां पर बहुमंजिला इमारत खड़ी कर दी जाएगी।



### इन्होंने किया अभिनय

नाटक में संदीप स्वामी, नवीन, संजय, भानुस, नूपुर सक्सेना, सुमन, दक्ष, तन्मय, सुशील भवानी शंकर, योगेश, रोहित, हर्ष और मितांशा ने दमदार अभिनय किया। कार्यक्रम की उद्घोषणा आर डी अग्रवाल ने की। सोविला माथुर ने बताया कि टीन टप्पर का आयोजन रवींद्र मंच के मुख्य सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, टीवी एवं फिल्म जगत के कलाकार, कला प्रेमी, समाज सेवी, दर्शक व अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अब शुक्रवार को सरताज नारायण माथुर द्वारा निर्देशित नाटक 'गऊ रो दान' का मंचन किया जाएगा।

## रोजगार के बारे में जानकारी दी



**बेधड़क. जयपुर।** राजीव गाधी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, शाहपुरा बाग, आमेर रोड, में आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन) के सत्र 2021-2023 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आशीष जोशी, निदेशक, राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ ने विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। महेश चौधरी अनुदेशक, अनिल शर्मा अनुदेश इलेक्ट्रीशियन, कमलेश बैरवा अनुदेशक, सुरेन्द्र सिंह प्रयोगाशाला सहायक ने आईटीआई में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्रथम स्थान देवांश रोहिला व द्वितीय स्थान आशीष सिंह, तृतीय स्थान संजय यादव ने प्राप्त किया। महेश चौधरी ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

## अमीर लीला ने जीते दो गोल्ड



**बेधड़क. जयपुर।** अजमेर में आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय स्कूल टेबल टेनिल प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ग में जयपुर के अमीर लीला ने गोल्ड मैडल जीता है। फाइनल मुकाबले में अमीर ने जयपुर के ही सौरव को 3-1 से हरा दिया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में भी गोल्ड मेडल जीत लिया।

## भागवत कथा में गोवर्धन पूजा



**बेधड़क. जयपुर।** श्री शिव नगर समिति एवं आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट की ओर से जयसिंहपुरा खोर के श्री शिव मंदिर में गोसेवार्थ और पितृ कृपा प्राप्ति के लिए चल रही भागवत कथा के छठे दिन व्यासपीठ से डॉ. प्रशांत शर्मा ने कृष्ण लीला सुनाई और गोवर्धन पूजन किया। कथा श्रवण करने पहुंचे महामण्डलेश्वर बाल मुकन्दाचार्य हाथोज धाम ने पहले गोमाता और व्यासपीठ का पूजन किया। डॉ. प्रशांत शर्मा ने व्यास पीठ से बाल मुकन्दाचार्य जी का दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मान किया। प्रचारक विजय शंकर पांडेय ने बताया कि श्री गिरिधर गौशाला दौलतपुर बगवाड़ा में 6100 रुपए श्री गिरधारी दास पान वाले बाबा को गौ सेवा के लिए व्यास पीठ से भेंट किए।

# City इवेंट्स

## दीक्षा दिवस का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में प्रवास रत गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी की युवा शिष्या बालयोगिनी आर्यिका विशेष मति माताजी के 16वें दीक्षा दिवस पर दस दिवसीय कार्यक्रम 15 अक्टूबर से आयोजित किए जाएंगे। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम 24 अक्टूबर दशहरे के दिन होगा। ऐसे में कार्यक्रमों के पोस्टर को भगवान नेमिनाथ के समक्ष अर्पित कर आर्यिकाश्री के सानिध्य में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में 9 दिन आर्यिका विशुद्ध मति माताजी लिखित भक्तामर मण्डल दीप अर्चना रिद्धि मंत्रों के साथ की जाएगी।

## 120 खिलाड़ी लगाएंगे चौके-छक्के



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स वर्ल्ड कप को एंजॉय कर रहे हैं, लेकिन अब जयपुर में एक बार फिर क्रिकेट का रोमांच होगा। इसके लिए प्लेयर्स की बोली लगा दी गई है और अब दो दिनों तक जयपुराइट्स क्रिकेट के रोमांच में डूबे नजर आएंगे। जूलर्स यूथ एंड वेलफेयर सोसायटी जेवाईडब्ल्यूएस के आयोजक नरेश अग्रोया ने बता कि प्रीमियर लीग सीजन-4 में 28-29 अक्टूबर को एसजे पब्लिक स्कूल में प्लेयर्स चौके-छक्के लगाएंगे। इसके लिए टोंक रोड स्थित रॉयल ऑर्किड होटल में खिलाड़ियों की नीलामी और विजेता ट्रॉफी लॉन्च प्रोग्राम किया गया। आयोजकों ने बताया कि कुल 12 टीमों और 120 खिलाड़ी लीग में हिस्सा लेंगे।

## वंजाणी को सिंधु रत्न की उपाधि



**बेधड़क. जयपुर।** बिड़ला ऑडिटोरियम में गुरुवार को सिंधी समाज की प्रदेश स्तरीय महापंचायत आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ समाज सेवी सत्यम वंजाणी को सिंधु रत्न की उपाधि से नवाजा गया। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत जयपुर महानगर द्वारा आयोजित समारोह में बजाणी को समाज में विशिष्ट और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर पूजा तिमी सेन्ट्रल पंचायत जयपुर महानगर के मुख्य संरक्षक ज्ञानदेव आहूजा ने उनका सम्मान किया। राजस्थान सिंधी महा पंचायत में सिंधी समाज के वरिष्ठ लोगों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## जयपुर में गूंजेगी अमिताभ बच्चन की आवाज

# मजूमदार को संगीत के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड





**बेधड़क | जयपुर**

बॉलीवुड और शास्त्रीय संगीत के नामी गायक सुदेश भौंसले और बंशी बजैया पं. रोनू मजूमदार रविवार को जयपुर में प्रस्तुति देंगे। दोनों हस्तियों का कार्यक्रम सृजन दी स्पार्क संस्था के बैनर पर बिड़ला ऑडिटोरियम में शाम 6:30 बजे से आयोजित किया जाएगा।

संस्था चेयरमैन राजेश नवलखा और प्रेसीडेंट सुरेश ढढ्ढा ने बताया कि सुदेश भौंसले को अमिताभ बच्चन की आवाज का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने अमिताभ बच्चन के लिए कई गाने गाए हैं, जिनमें 'जुम्मा चुम्मा दे दे' और 'मेरी मखना मेरी सोनिए' 'ओ लाल दुपट्टे वाली तेरा नाम तो बता' और 'नाना नाना ना रे' गीत प्रमुख हैं।

इसके अलावा उन्होंने दर्जनों फिल्मों के गीत गाए हैं। रोनू मजूमदार शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में पहचाना नाम है। केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित रोनू को एक जमान में आर. डी. बर्मन पंचम दा के सहयोगी के रूप में जाना जाता है। हीरो सहित कई फिल्मों में उनकी बांसुरी ने लोगों का दिल जीता है।

सुदेश भौंसले और रोनू मजूमदार की प्रस्तुतियों से पहले प्रदेश उभरते युवा कलाकार अरिहन्त जैन के पियानो वादन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान रोनू मजूमदार को संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस साल के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। उन्हें सम्मान स्वयरूप पचास हजार की नकद राशि, शॉल, स्मृतिचिन्ह आदि भेंट किए जाएंगे।

## राजे, पायलट और राठौड़ ने किया पोस्टर लॉन्च

# 'रोशनी' में संत-महात्मा करेंगे हेल्थ की बात, टिप्स भी देंगे










**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स के साथ प्रदेश भर के लोगों को डायबिटीज जैसी बीमारी के साथ अन्य बीमारियों से दूर रहने और हेल्थ के टिप्स दिए जाएंगे। इसके लिए रोशनी-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, विधायक कालीचरण सर्राफ, मंत्री अशोक चांदना, विधायक गोविंद राम मेघवाल, मंत्री ममता भूपेश आदि ने भी पोस्टर लॉन्च किया है। ढंड डायबिटीज एसोसिएशन के डायरेक्टर और रोशनी कार्यक्रम अध्यक्ष और संयोजक डॉ. सुनील ढंड ने बताया कि पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में समाजसेवी सांवर मल जांगिड़, शिक्षाविद् डॉ. स्नेहलता भारद्वाज, रितु अग्रवाल, निशा पारीक, अपर्णा बाजपेई, ममता शर्मा, पूनम खंगारोत, कंचन शर्मा, नीलम मित्तल आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में इंडिया गॉट टेलेंट शो के फाइनलिस्ट क्रेजी हूपर मंच पर होंगे। साथ में दी गोल्डन नोट से बांसुरी वादक पलक जैन 29 अक्टूबर संगीतमय शाम सांय काल 4 बजे से सजाएगी। महाराणा प्रताप सभागार में महामंडलेश्वर बाल मुकुंदाचार्य, आचार्य अनुपम जॉली, आचार्य हिमानी शास्त्री सहित बहुत सारे संत और महात्मा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रोग्राम पूरी तरह से महिलाओं को डेडिकेट होगा जिसमें एंकर से लेकर हर काम महिलाओं के जिम्मे होगा। मैनेजमेंट से लेकर प्रोग्राम की रूप रेखा तैयार करने तक महिला शक्ति प्रायोरिटी दी जाएगी।

**अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्ट** | डिजिटल गेम्स और इंटरेक्टिव सेशन रहे खास

# जयपुराइट्स ने अमेजन एक्सपीरियंस एरेना में किया एंजॉय

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के यूथ ने अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्ट-2023 को अपने-अपने अंदाज में एंजॉय किया। किसी ने डिजिटल गेम खेले तो किसी ने अमेजन एक्सपर्ट से अपनी क्वेरीज पूरी की। इस दौरान फेस्ट के आयोजकों ने यूथ से कई रोचक सवाल किए और उनको चीयअप किया। जयपुर में इस 'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' इवेंट में विशिष्ट लोगों और जयपुराइट्स ने भाग लिया।






फोटो: पंकज शर्मा

### 7 जोन ने लुभाया युवाओं को

इवेंट में 7 इंटरेक्टिव जोन्स में युवाओं ने एंजॉय किया। साथ ही आकर्षक पुरस्कार जीतने और विभिन्न कैटेगरी में अपने पसंदीदा लाइन-अप के साथ संवाद किया। अमेजन की जेबा खान ने कहा कि जयपुर में 'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' में अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल-2023 को लेकर बहुत रोमांचित हैं। जयपुर के बाद अमेजन एक्सपीरियंस एरेना 17 अक्टूबर को पुणे और फिर हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।



असंभव को संभव करने की सोच ही
आपको कामयाब और भीड़ से अलग बनाती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ईरान को चेताया, इधर, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की वार्निंग...

# हमास का धरती से मिटा देंगे हर निशान




**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को कुचलने और नष्ट करने की कसम खाते हुए कहा है कि हमास का हर आदमी डेड मैन है। हम धरती से हमास का हर निशान मिटा देंगे। रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच दुनिया इजराइल और फिलिस्तीन के बीच एक और भीषण जंग का सामना कर रही है। दोनों देशों की तरफ से कम से कम 2,300 लोग मारे जा चुके हैं।

हमास ने जिस बर्बरता से इजराइली लोगों का नरसंहार किया, नेतन्याहू बौखलाए हुए हैं। फिलिस्तीनी आतंकियों ने इजराइली गांवों में बच्चों के सिर कलम कर दिए। महिलाओं से रेप किया और कइयों को अपहरण कर अपने साथ ले गए। इजराइल भी गाजा पट्टी पर कहर बनकर टूटा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी नेतन्याहू के सुर में सुर मिलाते हुए ईरान को चेतावनी दी। साथ ही, अमेरिका में कई यहूदी नेताओं से मुलाकात की है।



### आतंकियों ने किए रेप... बर्बरता

टीवी पर संबोधन में नेतन्याहू ने कहा कि हमास के आतंकियों ने महिलाओं से रेप किया, युवा लड़कों और लड़कियों को गोली मार दी। हमास से हर इजराइली की मौत का बदला लिया जाएगा। इस धरती से हमास का नामोंनिशान तक मिटा दिया जाएगा। इधर, बाइडेन ने बुधवार रात अमेरिकी यहूदी नेताओं से बात की और कहा कि हमास का हमला 'प्रलय के बाद यहूदियों के लिए सबसे घातक दिन' था।

### इजराइल ने ही पाला था हमास को!

कई रिपोर्ट्स ये बताती हैं कि फिलिस्तीनी सशस्त्र समूह हमास के संस्थापक शेख अहमद यासीन को पहले चरण में इजराइल ने समर्थन दिया और पाला पोसा था। मगर दुर्भाग्य था कि ये निर्णय उन पर ही भारी पड़ा। दरअसल, यासिर अराफात को 'डसने' के लिए इजराइल ने पाला था हमास को, अब यह उसके लिए ही आस्तीन का सांप बन गया है।

## कनाडा में हिंदू मंदिर लगातार बन रहे हैं निशाना

# दो माह... 6 में हुई तोड़फोड़

**एजेंसी** | टोरंटो

खालिस्तानी आतंकियों के लिए स्वर्ग बने कनाडा में हिन्दू मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ रुक नहीं रहे हैं। पिछले महीने सितंबर से अब तक ओंटारियो प्रांत में कम से कम छह हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा चुका है, जबकि डरहम क्षेत्रीय पुलिस ने इस महीने तीन मंदिरों से चोरियों का खुलासा किया है। पुलिस की विज्ञप्ति से यह तथ्य सामने आया है कि सितंबर से लेकर अब तक कुल छह मंदिरों को निशाना बनाया जा चुका है।

डरहम पुलिस की विज्ञप्ति में कहा गया है कि 8 अक्टूबर के शुरुआती घंटों में उसके अधिकार क्षेत्र में तीन मंदिरों में लगातार तोड़फोड़ और अवैध प्रवेश की खबरें आईं। जिन मंदिरों में ये घटनाएं घटित हुई हैं, उनमें पिकरिंग का देवी मंदिर, अजाक्स का संकट मोचन मंदिर और ओशावा का हिंदू मंदिर डरहम शामिल हैं।




### कर रहे हैं पुलिस का सहयोग

22 सितंबर को फेसबुक पर एक बयान में, रामेश्वर मंदिर प्रबंधन ने कहा था, 'सुरक्षा में सेंधमारी के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस जांच कर रही है। हम इस मामले को तेजी से सुलझाने के प्रयासों में अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।' बयान में कहा गया है, 'हम जनता को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम इस घटना को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम अपने आगंतुकों, भक्तों की सुरक्षा और कल्याण और अपने परिसर की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जारी रखेंगे।'

देवी मंदिर की दान पेटी चोरी होने से बच गई क्योंकि परिसर में रहने वाले पुजारी गिरीश खाली ने संदिग्ध चोर को देखते ही फायर अलार्म बजा दिया था। इससे संदिग्ध भाग गया।

### ब्रैम्पटन में चिंतपूर्णी मंदिर 9 सितंबर को बना निशाना

बता दें कि ग्रेटर टोरंटो एरिया (जीटीए) में तीन मंदिर हैं। ब्रैम्पटन में चिंतपूर्णी मंदिर, जिसे 9 सितंबर को निशाना बनाया गया, कैलेडॉन में रामेश्वर मंदिर, जिसे 18 सितंबर को लूटा गया और मिसिसॉगा में हिंदू हेरिटेज सेंटर, जिसे 4 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। पुलिस ने संदिग्ध को 5 फीट 9 इंच का लंबा और लगभग 200 पाउंड वजन वाला हट्टाकट्टा शख्स बताया है। उसने नीले रंग का सर्जिकल मास्क पहन रखा था।

## इमरान की सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने जेल में बंद इमरान से जुड़ी अलग-अलग याचिकाओं को एक साथ जोड़ दिया है।


इनमें से एक याचिका सिफर मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने और मामले को पूरी तरह से खारिज करने की मांग की गई है थी। इमरान खान ने आईएचसी में कई याचिकाएं दायर की हैं।

## विदेश यात्रा से क्यों घबराते हैं पुतिन!

# एक साल बाद पहुंचे दूसरे देश

**एजेंसी** | मॉस्को

राष्ट्रपति पुतिन एक दुर्लभ विदेश यात्रा पर गुरुवार को किर्गिस्तान पहुंचे हैं। उन पर इस साल की शुरुआत में यूक्रेन में युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने अभियोग लगाया था। किर्गिस्तान में पुतिन अपने समकक्ष, राष्ट्रपति सादिर झापारोव से मुलाकात करेंगे।



वह शुक्रवार को स्वतंत्र देशों के राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसकी मेजबानी किर्गिस्तान कर रहा है।

इस सम्मेलन में अजरबैजान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस के नेता भी शामिल होंगे।

आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन इसमें शामिल नहीं होंगे। इस साल यह पहली बार है कि रूसी राष्ट्रपति ने रूस और रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के क्षेत्रों से बाहर यात्रा की है।

## अंतरिक्ष से आया खजाना

# सोने-चांदी जितनी कीमती है यह राख

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

नासा ने क्षुद्रग्रह बेन्नू से एकत्र किए गए सबसे बड़े नमूने की पहली तस्वीर बुधवार को जारी कर दी है। इस नमूने को नासा के ओसिरिस-रेक्स मिशन के कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर लाया गया था। इस कैप्सूल ने अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में लैंडिंग की थी। इस नमूने को सोना और चांदी से भी ज्यादा कीमती माना जा रहा है। लगभग 750 ग्राम के इस नमूने को पाने के लिए नासा ने 1.16 अरब डॉलर (96,45,86,98,000 रुपए) खर्च किए थे। बेन्नू का यह नमूना 4.6 अरब साल पुराना है। यह इस रहस्य से पर्दा उठा सकता है कि पृथ्वी कैसे बनी और इस पर जीवन की शुरुआत कैसे हुई।



### बाहरी हिस्से के कण ढीले

डेटा से पता चला कि बेन्नू के बाहरी हिस्से को बनाने वाले कण इतने ढीले हैं कि अगर कोई व्यक्ति इसकी सतह पर उतरे तो वह प्लास्टिक की गेंदों के गड्ढे में कदम रखने की तरह ही डूब सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि क्षुद्रग्रहों के नमूने हमें बताते हैं कि पृथ्वी जैसा ग्रह बनाने के लिए वे सभी सामग्रियां क्या थीं और वे हमें यह भी बताने में सक्षम हैं कि इसका नुस्खा क्या था।

### बेन्नू के मलबे से 'बोनस कण' मिलने की आशा

नासा ने बेन्नू क्षुद्रग्रह का चयन इसके कार्बनिक यौगिकों की प्रचुरता के आधार पर किया था। इसके अलावा बेन्नू की कक्षा ने मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह बेल्ट तक पहुंचने की तुलना में राउंडट्रिप मिशन को सरल बना दिया। नासा के शोधकर्ताओं ने इस क्षुद्रग्रह के मलबे से "बोनस कण" खोजने के बारे में आशा जताई है। ओसिरिस-रेक्स क्यूरेशन लीड क्रिस्टोफर स्नेड ने एक बयान में कहा कि सबसे अच्छी 'समस्या' यह है कि इतनी सारी सामग्री है, इसे इकट्ठा करने में हमारी अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है।

## US: भारतीय मूल की गीतांजलि का जिल बाइडेन ने किया सम्मान

# सीसा संदूषण बताने वाला उपकरण बनाया

**एजेंसी** | वाशिंगटन

भारतीय किशोरी आविष्कारक गीतांजलि राव को देश भर में अपने समुदायों में बदलाव का नेतृत्व करने के लिए अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन ने सम्मानित किया है। उनके साथ 14 अन्य युवा महिला नेताओं को भी सम्मानित किया गया है।

17 वर्षीय वैज्ञानिक को बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर वाइट हाउस में 'गर्ल्स लीडिंग चेंज' समारोह में सम्मानित किया गया था। इस सम्मान के बाद गीताजंलि ने कहा, यह मेरे लिए सम्मान की बात है।'



गीतांजलि राव हाइलैंड्स रेंच, कोलोराडो की एक वैज्ञानिक हैं, जिनके सीसा संदूषण का पता लगाने वाले उपकरण ने उन्हें ईपीए राष्ट्रपति पुरस्कार और डिस्कवरी एजुकेशन/3एम द्वारा अमेरिका के शीर्ष युवा वैज्ञानिक का पुरस्कार दिलाया। विज्ञप्ति के अनुसार उनकी किताब यंग इनोवेटर्स गाइड टू एसटीईएम का उपयोग विश्व स्तर पर कई स्कूलों में एसटीईएम पाठ्यक्रम के रूप में किया जाता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl